संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, रविवार, 25 फरवरी 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 54 पृष्ठः 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मुंबई लोकल में सफर का अनुभव लिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लाखों मुंबईकरों के दैनिक आवागमन के साधन शहर की प्रतिष्ठित लोकल ट्रेन में सफर किया।

## हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**

हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को उत्तराखंड पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। आईजी नीलेश आनंद भरणे ने अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। आठ फरवरी को बनभूलपुरा हिंसा के बाद से अब्दुल मलिक फरार चल रहा था। हल्द्वानी हिंसा के बाद पुलिस ने अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज किया गया था। हिंसा के बाद से पुलिस ने उसकी संपत्ति को भी कुर्क किया था।

**ये था मामला:** आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक के बगीचे में अवैध मदरसा और धर्मस्थल ढहाने गई पुलिस और प्रशासन की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया था। पथराव में सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, रामनगर कोतवाल समेत 300 से अधिक पुलिसकर्मी और निगमकर्मी घायल हो गए। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाना भी फूंक दिया। पुलिस की जीप, जेसीबी, दमकल की गाड़ी दोपहिया समेत 70 से अधिक वाहन फूंक दिए गए। आंसू गैस के गोले दागने और लाठी चार्ज के बाद भी जब हालात काबू में नहीं आए, तो सबसे पहले अधिकारी जान बचाने के लिए मौके से भागे। पुलिस व निगम टीम जैसे-तैसे वहां से निकली। प्रशासन ने उपद्रवियों को देखते ही पैर में गोली मारने के आदेश दिए हैं। पिता-पुत्र समेत छह लोगों की गोली लगने से मौत हो गई थी।? हल्द्वानी हिंसा में करोड़ों की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। हिंसा के बाद से पुलिस लगातार उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए कार्रवाई कर रही है। हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक और उसका बेटा मोईद फरार चल रहे थे, जिसके बाद अब अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी हो गई है।

**मास्टरमाइंड मलिक, उसकी पत्नी समेत छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने किया था मुकदमा दर्ज:** सरकारी जमीन हड़पने, मरे हुए व्यक्ति के नाम से शपथ पत्र देने, न्यायालय में मरे हुए व्यक्ति के नाम से रिट डालने के मामले में नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने कोतवाली में तहरीर सौंपी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया मलिक सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आईपीसी 417 और 120 बी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

**16 फरवरी को जारी हुए थे आरोपियों के पोस्टर:** 16 फरवरी को नैनीताल पुलिस ने अब्दुल मलिक समेत नौ लोगों के पोस्टर जारी किए थे। इस दौरान एसएसपी ने बताया कि फरार आरोपियों के पोस्टर हल्द्वानी समेत पूरे नैनीताल जिले और सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए गए है।

### आदर्श विचार



“ जो मुझे सर्वत्र देखता है और सब कुछ मुझमें देखता है। भागवद् ”

### मन की बात



“ सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा। स्वामी विवेकानंद ”

### तीसरी आंख




# दिल्ली में कांग्रेस-आप के बीच डील पक्की

### कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि दिल्ली लोकसभा में सात सीटें हैं। इनमें से आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**लोकसभा चुनाव**

> पंजाब और चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं हुआ है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सीट बंटवारे की घोषणा कर दी गई है। कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि दिल्ली लोकसभा में सात सीटें हैं। इनमें से आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इनमें नई दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली शामिल हैं। कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इनमें चांदनी चौक, उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ कांग्रेस और आप के बीच गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़ और गोवा में सीट बंटवारे की घोषणा हुई। हालांकि पंजाब और चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं हुआ है। दोनों पार्टियों अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगी। चंडीगढ़ सीट कांग्रेस के खाते में आई है। हरियाणा में नौ सीट पर कांग्रेस और एक सीट पर आप लड़ेगी।





### आलाकमान के आदेश का पालन होगाः लवली

**दिल्ली** में कांग्रेस और आप के बीच हुए सीट बंटवारे को लेकर दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि इस बार कांग्रेस और आप लोकसभा चुनाव 2024 एक साथ लड़ेंगे। कांग्रेस उत्तर पूर्व, चांदनी चौक और उत्तर पश्चिम सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं दूसरी तर आप नई दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन के एक हिस्से के रूप में हमने पहले भी कहा था कि हम आलाकमान के आदेश का पालन करेंगे।

**कांग्रेस महासचिव ने दी जानकारी:** कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि हरियाणा में 10 लोकसभा सीटें हैं. कांग्रेस 9 पर चुनाव लड़ेगी। एक सीट-कुरुक्षेत्र पर आप के उम्मीदवार होंगे। आगे कहा कि चंडीगढ़ पर लंबी चर्चा के बाद अंत में यह निर्णय लिया गया कि कांग्रेस का उम्मीदवार वहां से चुनाव लड़ेगा।

**ऐसे हुआ दिल्ली की सीटों का बंटवारा**

कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने कहा कि दिल्ली लोकसभा में सात सीटें हैं। आप 4 पर चुनाव लड़ेगी। जिसमें नई दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली शामिल है। कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसमें चांदनी चौक, उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम पर चुनाव लड़ेगी।

### आप-कांग्रेस गठबंधन पर मनोज तिवारी का तंज

**दिल्ली** में आप और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन को लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आपने सुना होगा चोर चोर मौसेरे भाई। यह आप और कांग्रेस के बीच हो रहा है। आप के कार्यकर्ता निराश हैं क्योंकि अरविंद केजरीवाल कांग्रेस के नेताओं को जेल में डालने की बात कहा करते थे। लेकिन आज वह उनके कदमों में हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता भी इससे निराश हुए हैं। आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल और आप ने 15 साल तक दिल्ली में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी को बाहर कर दिया था और अब केजरीवाल राहुल गांधी के साथ मंच साझा कर रहे हैं। आज भाजपा और नरेंद्र मोदी हर किसी के दिल में हैं। दिल्ली के लोग इसका फैसला करेंगे। क्योंकि आज यह साफ हो गया है कि आप के बड़े नेता और कांग्रेस एक ही हैं।

### 1 जुलाई से देश में लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होंगे। ये तीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 सितंबर को संसद से मंजूरी मिली थी। उसके बाद 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उन्हें मंजूरी दी थी।

**गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना:** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से तीन अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। इनके मुताबिक नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक काल की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का मकसद विभिन्न अपराधों और उनकी सजाओं को परिभाषा देकर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में गिरीः 24 हुई मरने वालों की संख्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**कासगंजः** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में जो ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में गिरी उसमें एटा जिले के नगला कसा के महिलाओं और बच्चों सहित 52 लोग सवार थे। इन सभी को बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन छह माह का मासूम अभी भी लापता है। उसकी तलाश के लिए तालाब से पानी निकाला जा रहा है। वहीं इस हादसे में मरने वालों की संख्या 24 पहुंच गई है। पटियाली-दरियावगंज मार्ग पर ककराला गांव के तालाब में ट्रैक्टर ट्रॉली के हादसे में छह माह बालक अभी लापता है, जिसका मुंडन कराने के लिए परिवार के लोग कादरगंज गंगाघाट पर गंगास्नान के लिए जा रहे थे।

## पेपर लीकः यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त करते हुए अगले 06 माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृह विभाग ने परीक्षा निरस्त करने का आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक 17 व 18 फरवरी, 2024 को सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में प्राप्त तथ्यों एवं सूचनाओं के परीक्षण के आधार पर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के दृष्टिगत इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। शासन ने भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए है कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



**फैसला**

> युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकताः मुख्यमंत्री

## कश्मीरः नार्को-टेरर फंडिंग मामले में चार संपत्तियां की कुर्क

**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू और कश्मीरः** कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले फंडिंग नेटवर्क को खत्म करने की दिशा में एक बड़े कदम उठाते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हंदवाड़ा नार्को-आतंकवाद मामले में चार संपत्तियों को कुर्क किया है और नकदी जब्त की है। ये संपत्ति दो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन, लश्कर-ए-तैयबा ( लश्कर) और हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) से जुड़ी हुई हैं। जानकारी के मुताबकि, एनआईए द्वारा कुपवाड़ा जिले की हंदवाड़ा तहसील में चार आरोपियों की संपत्तियों को कुर्क किया गया है, जिसमें यूए (पी) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुल 2.27 करोड़ रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। कुर्क की गई अचल संपत्तियों में आरोपी अफाक अहमद वानी का दो मंजिला घर, आरोपी मुनीर अहमद पांडे का एक मंजिला घर, सलीम अंद्राबी का घर और इस्लाम उल हक का दो मंजिला घर शामिल हैं।

## जो जुड़ेंगे वो जीतेंगे, जो बटेंगे वो कुचल दिए जाएंगेः राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबादः** संभल पहुंचने पर यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का स्वागत किया। इसके अलावा उत्साह से नारे भी लगाए।

**यूपी में दिखा न्याय यात्रा का असरः** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का असर यूपी में देखने को मिला है। पेपर लीक होने मुद्दा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने जोरदार तरीके से उठाया था। अब इसका असर देखने को मिल गया है। दोनों नेताओं के आवाज उठाने के बाद यूपी सरकार को सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा को रद्द करना पड़ा है। सभी को न्याय दिलाने के लिए यात्रा जारी है। यात्रा के बीच राहुल ने एक्स पर लिखा, छात्र शक्ति और युवा एकता की बड़ी जीत की वजह से उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा आखिरकार निरस्त कर दी गई। इससे संदेश साफ है, सरकार कितना भी सच को दबाने की कोशिश करे, एकजुट होकर लड़ने से ही अपना हक जीता जा सकता है। जो जुड़ेंगे वो जीतेंगे, जो बटेंगे वो कुचल दिए जाएंगे।

**भारत न्याय यात्रा**

> पेपर लीक होने मुद्दा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने जोरदार तरीके से उठाया थाः जयराम रमेश

**अमरोहा से संभल के लिए रवाना हुआ काफिलाः** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अमरोहा से होते हुए संभल के लिए रवाना हो गई।

कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी गांधी मूर्ति पर जनसभा करेंगे लेकिन वह बिना रुके ही आगे बढ़ गए। यात्रा मुरादाबाद से अमरोहा बार्डर पर कैलसा क्षेत्र में पहुंची।



# विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का किया उद्घाटन




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शनिवार को राष्ट्रीय जु-जित्सु एसोसिएशन आफ इंडिया की ओर से आयोजित मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। इसमें देश के 28 राज्यों के 1100 मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है, जो शानदार प्रदर्शन करेंगे।
विधानसभा अध्यक्ष खंडूड़ी ने कहा कि जु-जित्सु मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग जीवन में सभी को लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शरीर स्वस्थ रहने के साथ आत्मरक्षा के लिए यह आर्ट आज के समय में अतिआवश्यक है। प्रशिक्षण से हम बारीकियों को समझते हैं। हमारे शरीर में ही मारक अंक व मर्म स्थल रहते हैं। मार्शल आर्ट की सबसे बड़ी विशेषता है कि इससे हम समाज के साथ खुद की रक्षा कर सकते हैं। जु-जित्सु जापानी मार्शल आर्ट का एक परिवार है और निकट युद्ध (निहत्थे व एक मामूली हथियार के साथ) की एक प्रणाली है। कार्यक्रम में जु-जित्सु एसोसिएशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार, महासचिव अमित अरोड़ा, कार्यकारी निदेशक सतीश जोशी, क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शूद, महामंत्री भारत चौहान आदि थे।
ओलंपिक खेलों में भी प्रतिभाग करेगा जि-जित्सु मार्शल आर्ट-
खंडूड़ी ने कहा कि जु-जित्सु मार्शल आर्ट को ओलंपिक खेलों में भी प्रतिभाग करने का अवसर मिला है। वर्ष 2023 में चीन में हुए ओलंपिक खेलों में जु-जित्सु एसोसिएशन आफ इंडिया की ओर से 11 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।
उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी की जिम्मेदारी गौरव की बात -
विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पहली बार देवभूमि उत्तराखंड राष्ट्रीय खेल 2024 की मेजबानी करने जा रहा है। राष्ट्रीय खेल इसी वर्ष अक्टूबर-नवम्बर माह में प्रस्तावित है। इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारी की जा रही है। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव की बात है। लंबे समय से उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए प्रयासरत था।

# मौसमः पाला से नुकसान तो आकाशीय बिजली से जान-माल की हानि के आसार

**सतर्कता**
8 - नुकसान भरे होंगे आने वाले दिन, और बढ़ेगी ठंड
8 - मौसम विभाग ने दी सतर्कता बरतने की सलाह



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल के लिए आने वाले तीन दिन नुकसान भरे होंगे। पाला पड़ने से जहां फसल नुकसान होंगे वहीं आकाशीय बिजली गिरने से जान-माल हानि की संभावना है।
उत्तराखंड में मौसम शुष्क बना हुआ है। चटख धूप खिलने से दोपहर गर्म है तो वहीं सर्द हवाएं चलने से पहाड़ से मैदान तक सुबह-शाम ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी क्षेत्रों में अगले कुछ दिन मौसम शुष्क बना रह सकता है। जबकि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलने का अनुमान है।
मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने सावधानी के साथ सतर्कता बरतने की सलाह दी है। कहा है कि 25 फरवरी को राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में पाला पड़ने की संभावना है। पाला से फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। 26-27 फरवरी तक 2800 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के भी आसार हैं। इससे सड़कें फिसलन भरी होंगी। मैदान से लेकर पहाड़ तक रात और सुबह के समय ठंड और बढ़ेगी। 26-27 फरवरी को पर्वतीय क्षेत्रों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। ऐसे में ओलावृष्टि पौधरोपण, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाएगी। जान-माल हानि भी हो सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### कुरीतियों का सामना कर संत रविदास समाज हित में कार्य किये : सूर्यकांत धस्माना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आंबडेकर महासंघ की ओर से शास्त्री नगर कांवली में रविदास जयंती धूमधाम से मनाया। इस दौरान सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि संत रविदास ने अपने जीवन काल में अनेक प्रकार की कुरीतियों, बुराइयों का सामना करते हुए सभी समाज के सभी लोगों के हित के कार्य किए। इसलिए आज हम सब मिलकर उनके बताए हुए मार्ग पर चलें।
बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास चौदहवीं और पंद्रहवीं शताब्दी के सबसे बड़े समाज सुधारक संत थे। गुरु रविदास किसी विशेष समुदाय के नहीं, बल्कि उन्होंने मानव कल्याण के लिए जाति, पंथ, संप्रदाय, रंग, रूप से ऊपर उठकर पूरी मानवता का मार्गदर्शन किया।
उन्होंने कहा कि जूता बनाने वाले मोची के घर जन्में रविदास ने जिनके गुरु संत कबीर थे। अपनी विद्वता ज्ञान व भक्ति से मीरा जैसी शिष्या समाज को दी और "मन चंगा तो कठौती में गंगा" जैसा मूल मंत्र समाज को दिया। सिख पंथ के पवित्र ग्रंथ श्री गुरुग्रंथ साहिब में संत रैदास की बाणी का बहुत महत्व है।
उन्होंने कहा कि आज जब हम 21वीं शताब्दी में जी रहे हैं तब भी समाज के नेतृत्वकारी लोग समाज में जात पात छुआ छूत व धर्म के नाम पर विभाजन कर रहे हैं।
इस अवसर पर अंबेडकर महासंघ के अध्यक्ष अवधेश कथीरिया, एससी एसटी इम्प्लाइज संघ के महामंत्री राजेन्द्र राज, संजय कटारिया, प्रवीण कश्यप, गुड्डी देवी समेत बड़ी संख्या में रैदासी समाज के लोगों के साथ क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### पुलिस का महिलाओं के साथ अभद्रता का आईजी ने किया खंडन, बोले- ऐसी कोई घटना नहीं

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस महानिरीक्षक पी/एम एवं पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता नीलेश आनंद भरणे ने बनभूलपुरा में पुलिस का महिलाओं के साथ अभद्रता किए जाने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है।
पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड के मीडिया सेल से जारी सूचना के अनुसार, पुलिस महानिरीक्षक पी/एम एवं पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि उत्तराखंड पुलिस ह्यमित्र पुलिसह्न के अपने ध्येय पर गर्व करती है। कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान हम कानून का पालन करने वाले सभी नागरिकों विशेषकर महिलाएं और बच्चे के साथ शिष्टाचार, स्नेह और सम्मान का व्यवहार करते हैं।
यदि कोई विश्वसनीय साक्ष्य हैं तो प्रस्तुत करें, होगी त्वरित कार्रवाई-
महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के प्रति उत्तराखंड पुलिस में शून्य सहिष्णुता है। यदि कोई विश्वसनीय साक्ष्य हैं तो वो उन्हें वर्तमान में चल रही मजिस्ट्रियल जांच के दौरान आयुक्त कुमाऊं या वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उस पर विधिसम्मत और त्वरित कार्यवाही करेंगे। पुलिस कानून के अनुसार नागरिकों के सम्मान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए कार्य करने को संकल्पित है।

### सीडीओ ने ली जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य विकास अधिकारी चमोली अभिनव शाह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक ली। इसमें नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में क्रियान्वित परियोजनाओं, निकायों के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और गंगा एवं इसकी सहायक नदियों के बारे में जागरूकता पैदा करने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की गयी।
मुख्य विकास अधिकारी ने सीवरेज शोधन सयंत्रों के कार्य प्रदर्शन की नियमित निगरानी के लिए जल निगम एवं जल संस्थान को समिति गठित करने के निर्देश दिए। जल संस्थान गोपेश्वर को सभी एसटीपी से उत्सर्जित अवशिष्ट स्लज को नजदीकी वन विभाग की नर्सरी तक पहुंचाने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग को नदियों के किनारे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राफ्टिंग स्पॉट चिह्नित करने और 20 से अधिक कक्ष वाले होटलों को चिह्नित कर एसटीपी लगवाने के निर्देश देने और अनुपालन न वालों को नोटिस जारी करने निर्देश दिए। साथ ही पेयजल निगम को अवशेष चार एसटीपी को 15 मार्च तक जल संस्थान को हैंडओवर करने के निर्देश दिए।

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने ली बैठक

**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा को सकुशल कराने के लिए डीएम ने बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
27 फरवरी से 16 मार्च तक चलने वाली उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा वर्ष 2024 को लेकर अभी तक की गयी तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे ने जिला सभागार में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा को सम्पन्न कराने में नियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु जो भी दायित्व सौंपे गये हैं उसे पूरी ईमानदारी से निभायें और किसी भी लापरवाही से बचें।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिला आंदोलनकारी संयुक्त परिषद का समर्थन

**हुंकार**
8 - मांगों पर ध्यान न देने पर 26 फरवरी को विधानसभा पर आर-पार की लड़ाई की भरी हुंकार



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड के प्रदर्शन को उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद का समर्थन मिला। आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपनी मांगों को लेकर छह दिन से प्रदर्शन कर रही हैं।
परिषद के समर्थन से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रदर्शन को और मजबूती मिलेगी। संगठन ने मांगों पर ध्यान न देने पर 26 फरवरी को विधानसभा पर आर-पार की लड़ाई की चेतावनी दी है। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी के नेतृत्व में दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। शनिवार को उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने अपना समर्थन देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों को जायज ठहराया। इस दौरान ममता चौहान, नीलम पालीवाल, पूनम सिंह, सीमा सिंह, पुष्पा नेगी, अर्चना शर्मा, शशि धापा, पूजा बुडाथोकी, पुष्पा देवी आदि थीं।
ये है उनकी मांगें-
न्यूनतम मजदूरी को देखते हुए 600 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 18000 रुपये मानदेय किया जाए और वरिष्ठता के आधार पर 15 वर्ष पूरे होने पर प्रतिवर्ष सबका मानदेय बढ़ाया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सेवानिवृत्त होने पर दो लाख रुपये देने का प्रावधान रखा जाए जिससे वह अपनी बुढ़ापा अच्छे से व्यतीत कर सके। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गोल्डन कार्ड जारी किया जाए जिससे उनको सरकारी योजनाओं का भी लाभ मिल पाए। मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का उच्चीकरण का जीओ शीघ्र जारी किया जाए।

# आशाओं का सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
आशा कार्यकताओं ने जिला मुख्यायल पर मानदेय बढ़ोतरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर सीएमओ कार्यालय में शनिवार को भी धरना-प्रदर्शन किया। आशाओं ने 26 हजार रुपये मासिक मानदेय की मांग की। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।
शनिवार को आशाओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर प्रदर्शन किया। आशाओं ने कहा कि मानदेय बढ़ोतरी के साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आशा घर बनाए जाएं। आशाओं को विभिन्न मदों के लिए दिए जाने वाले पैसे का कई महीनों तक भुगतान नहीं किया जाता है। जिसका हर माह भुगतान सुनिश्चित किया जाय। आशाओं को भविष्य निधि एवं ईएसआई की सुरक्षा सुविधा प्रदान की जाये। 46वें श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू किया जाय। जिसके तहत सामाजिक सुरक्षा का लाभ एवं सरकारी कर्मचारी घोषित करने के साथ ही मानदेय 26 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाय। सेवानिवृत्ति होने पर आशा वर्कर को जब तक पेंशन का लाभ नहीं दिया जाता, तब तक एक मुश्त रिटायरमेंट पर 10 लाख रुपये दिये जाएं। 2022 से 2023 तक का 5 माह का मानदेय टिहरी जिले में तत्काल किया जाय। यदि इन मांगों पर कार्यवाही नहीं की जाती है, तो आशायें उग्र आंदोलन को मजबूर होंगी।

# नाबालिग के अपहरण का आरोपित पुलिस गिरफ्त में

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिडकुल पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के आरोपित को गिरफ्तार करते हुए नाबालिग को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।
बीती 15 फरवरी को डेंसो चौक सिद्धि विनायक कॉलोनी सिडकुल निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी नाबालिक पुत्री उम्र 17 वर्ष को सुमित पुत्र नामालूम निवासी पानीपत हरियाणा पर बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस नाबालिग की तलाश में जुट गई थी।

# विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत दरों को लेकर जनसुनवाई की



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
जिला पंचायत सभागार में 2024-25 के लिए प्रस्तावित विद्युत दरों को लेकर उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष डीपी गैरोला की मौजूदगी में जन सुनवाई हुई। जन सुनवाई में स्थानीय उपभोक्ताओं ने अपने सुझाव रखे। आयोग ने सुझावों पर तत्परता से विचार करने का भरोसा उपभोक्ताओं को दिया।
शनिवार को जिला पंचायत के सभागार में उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने जन सुनवाई की। जन सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष गैरोला ने उपभोक्ताओं के पक्ष को तत्परता से सुना। पुरानी टिहरी बांध विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष भवानी प्रताप सिंह पंवार, उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश घिल्डियाल, विजय सिंह परमार, समोष पांडे आदि ने आयोग से बांध प्रभावितों को रियायती दरों पर बिजली दिलाने की मांग की।
नागरिक मंच टिहरी के चंडी प्रसाद डबराल ने भी बांध विस्थापितों व विस्थापित शहर नई टिहरी की समस्याओं को रखते हुए रियायती दरों पर बिजली देने की मांग आयोग के समक्ष रखी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मासिक बिल दिए जाने की मांग भी। बिलों में अस्पष्ट चार्जों पर भी उपभोक्ताओं ने नाराजगी जाहिर की। जिसे लेकर यूपीसीएस को स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। यूपीसीएल के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से सरकार की सोलर प्लांट योजना का लाभ उठाने की अपील की और कहा कि इसका लाभ लेने में उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों के लिए फायदेमंद है।
आयोग ने बताया कि यूपीसीएल, पिटकुल, यूजेवीएनएल एवं एसएलडीसी ने वर्ष 2024-25 के लिए विद्यु दरों की बढ़ोत्तरी का मसौदा आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है। इसमें 38.66 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है। आयोग ने कहा कि सभी जनपदों के उपभोक्ताओं की सुनवाई करने के बाद घरेलु, अघरेलु, उद्योग श्रेणी, पीटीडब्ल्यू की दरों को लेकर निर्णय लिया जायेगा।नई विद्युत दरें एक अप्रैल, 2024 से लागू होंगी। इस मौके पर आयोग के अध्यक्ष डीपी गैरोला, तकनीकी सदस्य मदन लाल प्रसाद, सचिव नीरज सती, निदेशक वित्त दीपक पांडे, निदेशक तकनीकी प्रभात किशोर, उपनिदेशक प्रशासन दीपक कुमार सहित तमाम अधिकारी व उपभोक्ता मौजूद रहे।

# माघ पूर्णिमा पर तीर्थनगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

**पूर्णिमा**
8 शनिवार सुबह से ही घाटों पर स्नानार्थियों का स्नान के लिएं का तांता लगना शुरू हो गया।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आज माघ पूर्णिमा स्नान पर्व पर देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी ब्रह्मकुण्ड समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर पुण्य की डुबकी लगाई। तड़के से जारी हुआ स्नान का सिलसिला दिन भर अनवरत जारी रहा।
माघ पूर्णिमा के अवसर पर हरिद्वार के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। शनिवार सुबह से ही घाटों पर स्नानार्थियों का स्नान के लिएं का तांता लगना शुरू हो गया। स्नान के पश्चात लोगों ने देवदर्शन कर दान-पुण्य आदि कर्म किए। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से इंतजाम किए थे। माघ पूर्णिमा के एक दिन पहले से ही हरिद्वार में लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। आज भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थनगरी पहुंचे। भीड़ होने कारण बाजारों में खासी रौनक रही। पुलिस की यातायात को लेकर कोई ठोस रणनीति न होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।
बड़ी संख्या में ई रिक्शा की सड़कों पर भरमार के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर फ्लाईओवर बनने से लोगों को यातायात के दबाव से राहत मिली। बता दें कि हिंदू मान्यता के अनुसार माघ पूर्णिमा पर स्नान का खास महत्व है। मान्यता है कि माघ पूर्णिमा पर स्नान करने से सारे कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। इस कारण लोगों ने गंगा स्नान के पश्चात मंदिरों में देवदर्शन किए तथा दान-पुण्य आदि कर्म किए।

# विकसित भारत में एनएसएस की भूमिका पर गुरुकुल में कार्यक्रम का आयोजन



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चार ने अभियांत्रिकी एवम प्रौद्योगिकी संकाय, गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में विकसित भारत के एनएसएस की भूमिका पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।
कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विरेंद्र दत्त सेमवाल ने छात्रों को विकसित भारत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वाहन किया। उन्होंने उत्तराखंड में स्वदेशी तकनीकी के माध्यम से विभिन्न उत्पादों को जानकारी साझा की। उन्होंने कहा की गुरुकुल जैसे विश्वविख्यात संस्थान से एनएसएस स्वयंसेवकों का भव्य आयोजन करना स्वयंसेवकों की इच्छाशक्ति को दशार्ता है। संकायाध्यक्ष डॉ सुनील पंवार ने एनएसएस छात्रों को विकसित भारत निर्माण के लिए सहयोग देने का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि गुरुकुल के छात्रों का विकसित भारत बनाने का उद्देश्य जरूर पूरा होगा। यांत्रिकी के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव लांबा ने छात्रों को विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीकी का बेहतर उपयोग एवम नवोन्मेष के लिए प्रेरित किया। डॉ. सुयश भारद्वाज ने उन्नत भारत अभियान का जिक्र करते हुए एनएसएस स्वयंसेवकों के प्रयासों को सराहा। डॉ. एमएम तिवारीने एनएसएस के स्वयंसेवकों को विकसित भारत के विभिन्न आयामों पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। खेल प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र बालियान ने खेल भावना का जिक्र करते हुए देश सेवा में एकजुट रहने का आह्वाहन किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मयंक पोखरियाल ने स्वयंसेवकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई।व्याख्यान के बाद स्वयसेवको को विकसित भारत मेगा प्रदर्शनी के भ्रमण भी कराया गया। कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु एवम कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सफल कार्यक्रम के लिए इकाई एवम संकाय को बधाई दी।

# भारत नेपाल के अधिकारियों के बीच बैठक में हुई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**बनबसा /टीम एक्शन इंडिया**
एसपी अजय गणपति के निर्देश पर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के बीच आपसी रिश्तों को मजबूत बनाए जाने को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया।
सीओ शिवराज सिंह राणा की अध्यक्षता में भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बॉर्डर पर नियुक्त समस्त सुरक्षा एजेंसियों और नेपाल पुलिस, ग्राम प्रहरी पुलिस व नेपाल राष्ट्र के व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक हुई। इसमें एक दूसरे के साथ बेहतर तालमेल से कार्य करने, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर होने वाली मानव व अन्य प्रकार की तस्करी की रोकथाम व अन्य प्रकार की अवैध गतिविधियों/आवागमन और दोनों राष्ट्रों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाए जाने पर चर्चा हुई। गोष्ठी में भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत बनाए जाने, दोनों देशों के लोगों के आवागमन को सुगम बनाए जाने, बॉर्डर क्षेत्र में होने वाली तस्करी व अनैतिक गतिविधियों की सूचना आपस में साझा करने आदि संबंधों में सहमति बनी।

# विधानसभा की चाक-चौबंद व्यवस्था के लिए अध्यक्ष ऋतु ने ली बैठक

**कृत संकल्प**

**8 विधानसभा सत्र की चाकचौबंद व्यवस्था के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण कृत संकल्प है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विधानसभा सत्र की चाकचौबंद व्यवस्था के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यातायात, बिजली, पेयजल समेत सभी सुविधाओं को व्यवस्थित रखना है ताकि विधायकों के साथ-साथ जनता को भी असुविधा न होने पाए।
26 फरवरी से राजधानी देहरादून में शुरू हो रहे पंचम विधानसभा के बजट सत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शनिवार को विधान सभा भवन में शासन, पुलिस प्रशासन एवं विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा सचिवालय और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाकचौबंद रखने के निर्देश दिए। इस सत्र में लगभग 300 से ज्यादा प्रश्न विधायकों की ओर से आए हैं। उन्होंने कहा कि यह सत्र तमाम विधायकों के लिए महत्वपूर्ण है और वह अपने प्रश्न विधानसभा में रख सकेंगे। व्यवस्थाओं के संदर्भ में अधिकारियों के साथ बैठक भी की गई ।बैठक में तय किया गया कि विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा के कर्मी भी बिना वाहन प्रवेश पत्र के विधानसभा परिसर में वाहन नहीं ले जा सकेंगे। विधायकों की संस्तुति पर एक तथा मंत्रियों की संस्तुति पर दो आगंतुकों को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।
विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सत्र के दौरान विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा भी हो रही है, इस दौरान स्कूल बसों, एंबुलेंस सहित किसी को भी व्यवधान ना उत्पन्न हों। विधानसभा अध्यक्ष ने खासतौर पर स्कूल के बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने के सख्त निर्देश दिए। विधानसभा सत्र की कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग एवं वेबकास्टिंग सूचना एवं लोक संपर्क विभाग और आईटीडीए द्वारा की जाएगी।
सत्र के दौरान अग्निशमन दल के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा विभाग आवश्यक चिकित्सा दल, दवाइयां एवं एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल एवं सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों को सत्र शांतिपूर्वक एवं सुचारु रूप से चलाए जाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की।

# भाजपा ने श्यामपुर मंडल के लाभार्थियों के साथ संपर्क के दौरान की कार्यशाला

**कार्यशाला**

**8 भाजपा में ज्ञान ,अनुभव और मेहनत की भट्टी में तपने के बाद ही कार्यकर्ता को एक नेता का ताज मिलता है।**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक जिला ऋषिकेश के अंतर्गत श्यामपुर मंडल में लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया।
मंडल अध्यक्ष दिनेश पयाल की अध्यक्षता में लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता जिला सह प्रभारी नलिन भट्ट एवं जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ीयाल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी ऐसे कार्यकताओं की पार्टी है जिस पार्टी में ज्ञान ,अनुभव और मेहनत की भट्टी में तपने के बाद ही कार्यकर्ता को एक नेता का ताज मिलता है।
मोदी लाभार्थी जनसंपर्क अभियान का उद्देश्य भी यही है कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा लाभ प्राप्त करने वाले प्रत्येक लाभार्थी से संपर्क किया जाए ताकि कार्यकर्ता व्यक्तिगत तौर पर उससे मिलकर उस व्यक्ति को प्राप्त लाभ के विषय में जान सके। इससे प्रत्येक कार्यकर्ता का प्रत्येक वोटर के साथ वातार्लाप होगा विचारों का आदान प्रदान होगा और हमारा वोट बैंक मजबूत होगा। इस अवसर पर भट्ट ने कार्यकताओं को यह भी समझाया कि आपको किस प्रकार जनता से संपर्क करना है और उस रिपोर्ट को सरल एप पर किस प्रकार अपलोड करना है।

## मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए पुस्तकों का विमोचन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संस्था फोरगिवनेस फाउंडेशन सोसाइटी के संस्थापक और अध्यक्ष द्वारा लिखित तीन पुस्तकों, एन एल पी कल्पतरु, एन एल पी बिजनेस मंत्र और ब्रैन गैलेक्सी, का विमोचन किया गया।
इनके लेखक प्रख्यात मनोवैज्ञानिक डॉ. पवन शर्मा ने बताया कि ये पुस्तकें व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं और चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक बेहतरीन उपकरण हैं। इनमें सकारात्मक मानसिक दशा और स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए कई मददगार तकनीकें भी सुझाई गई हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में वांटेड समेत दो अपराधी घायल, चार बदमाश गिरफ्तार

**मुठभेड़**

**8 -एक पुलिसकर्मी भी घायल, अस्पताल में भर्ती, -वर्ष 2012 से फरार चल रहा था अपराधी फैजान**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आखिरकार पुलिस के हाथ कुख्यात अपराधी लग ही गया। उसकी 11 वर्ष से पुलिस को तलाश थी। देहरादून पुलिस ने क्लेमेंटाउन क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के पांच हजार रुपये इनामी समेत चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में गोली लगने से दो अपराधी व एक पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।
दरअसल, देहरादून का क्लेमेंटाउन क्षेत्र उस समय गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजने लगा, जब पुलिस और पशु तस्करों के बीच फायरिंग (मुठभेड़) हुई। 11 वर्ष से फरार अपराधी समेत पशु तस्करों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस से बचने के लिए अपराधी भागने की फिराक में थे और पुलिस पर फायरिंग कर रहे थे। इससे पुलिस कांस्टेबल प्रदीप के पैर में एक गोली लगने से वह घायल हो गए।
इस जवाबी कार्रवाई में वांटेड बदमाश फैजान उर्फ फिल्टर के पैर में दो गोली व बदमाश एहसान के पैर में एक गोली जा लगी और वह भागने में नाकाम हो गए। दल-बल के साथ पुलिस ने घेराबंदी कर वांटेड समेत चार पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियों के कब्जे से स्कॉर्पियो वाहन के साथ पिस्टल व तमंचा भी बरामद किया। मामले की गंभीरता देख दल-बल के साथ एसएसपी भी मौके पर पहुंच गए थे। घटनास्थल को निरीक्षण करने के साथ चिकित्सालय पहुंचकर कांस्टेबल के स्वास्थ्य की जानकारी ली।
**दो वर्ष पूर्व बदमाश फैजान ने सहारनपुर पुलिस पर भी की थी फायरिंग-**
एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में घायल व गिरफ्तार अपराधी फैजान उर्फ फिल्टर निवासी फतेहपुर सहारनपुर पर 15 से अधिक मुकदमे हैं। दो वर्ष पूर्व भी अपराधी ने सहारनपुर पुलिस पर फायरिंग की थी। इसका भी मुकदमा दर्ज है। अपराधी फैजान वर्ष 2012 से फरार चल रहा था। इस पर 5000 का इनाम घोषित था। गिरफ्तार अपराधी शमीम पर 12 और एहसान पर चार मुकदमे दर्ज हैं। ये सभी पशु तस्करी का काम करते थे। टीम गठित कर तत्काल बदमाशों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड : ईडी डॉ. हरक सिंह रावत से 29 को करेगी पूछताछ, सम्मन जारी



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब ईडी ने 29 फरवरी को उनसे पूछताछ करेगी। इसके ईडी ने डा.हरक सिंह को सम्मान भेजा है।
पाखरो टाइगर सफारी घपले को लेकर ईडी ने डॉ. हरक सिंह रावत और आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक को इस मामले में घेरे में लिया और दोनों के आवास पर जांच पड़ताल हो चुकी है। इस जांच पड़ताल के बाद जहां ईडी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत को 29 फरवरी को बुलाया है वहीं हरक सिंह रावत की नजदीकी लक्ष्मी राणा को 27 फरवरी और सुशांत पटनायक को भी 27 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। छापेमारी में ईडी को नकदी, गहने और अचल सम्पत्ति के बारे में जानकारी मिली थी। ईडी ने डॉ. हरक सिंह सिंह रावत के साथ-साथ उनकी बहू अनुकृति गुसांई को सम्मन दिया है और उनसे भी पूछताछ करेगी। आरोप है कि वन मंत्री रहते डॉ. हरक सिंह रावत की पाखरो रेंज में अवैध पेड़ कटान और अवैध निर्माण में संलिप्तता पाई गई है। इस पेड़ कटान के तहत पाखरो रेंज में 6000 से अधिक पेड़ अवैध रूप से काटे गए थे। इसके कारण मामला जांच की जद में आ गया। ईडी ने गत 7 जनवरी को मारे गये छापे में 1.10 करोड़ रुपये नकद, 80 करोड़ से ज्यादा के जमीनों के प्रपत्र तथा 80 लाख रुपये कीमत के गहने पाए गए थे। इसके लिए उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। डॉ. हरक उत्तराखंड मुखर विधायकों और मंत्रियों में रहे हैं ,लेकिन उनके कार्यकाल में हुए कटान और अन्य व्यवस्थाओं के कारण उन्हें लपेटे में लिया गया है। पूछताछ के बाद ही जानकारी मिल पाएगी कि इस प्रकरण में क्या-क्या हुआ था?

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 28 को आ रहे हैं दून : महेंद्र भट्ट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है ताकि कोई कमी न रह जाए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष के दौरे के बाद अब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 28 फरवरी को उत्तराखंड आएंगे। इस संदर्भ में शनिवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के उत्तराखंड दौरे में तीन प्रमुख कार्यक्रम होंगे।
पहला कार्यक्रम हल्द्वानी में होगा, जिसमें अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ और नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्रों के बूथ अध्यक्ष से लेकर पार्टी पदाधिकारी तक शामिल होंगे। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष 20 हजार कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। जबकि पार्टी ने आचार संहिता से पहले ही प्रदेश में पीएम की एक बड़ी सभा आयोजित करने के लिए तीन स्थानों का चयन किया है। नड्डा का दूसरा कार्यक्रम शाम चार बजे हरिद्वार में होगा, जहां प्रदेश के लोस चुनाव संचालन समिति की बैठक होगी। बैठक में नड्डा चुनाव संचालन संबंधित कमेटियों के पदाधिकारियों व सदस्यों को संबोधित करेंगे और उन्हें चुनाव से संबंधित निर्देश देंगे। इसके बाद नड्डा दून पहुंचेंगे। दून में वह टिहरी लोकसभा क्षेत्र के करीब दो हजार संख्या वाले प्रबुद्ध सम्मेलन में भाग लेंगे।

### चिकित्सा शिक्षा में पढ़ाई और शोध का प्रबंध: डॉ. धन सिंह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह की ओर से थ्री-डी कैडेवियर यानी वर्चुअल रूपक के माध्यम से शिक्षा देने का निर्देश दिया है। अब चिकित्सा शिक्षा व पढ़ाई में छात्र वर्चुअल रूपक के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करेंगे जो निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राजधानी देहरादून के दून मेडिकल कॉलेज में अब मेडिकल के छात्र-छात्राएं वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से पढ़ाई व शरीर का शोध कर सकेंगे। दून मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा थ्री-डी कैडेवियर यानी वर्चुअल रूपक शव द्वारा प्रशिक्षण देने की शुरूआत की गई है जिसके जरिए अब सभी बिना किसी शव के वर्चुअल माध्यम से शरीर के अंगों को समझ सकेंगे। इस बात को लेकर दून मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि थी-डी कैडेवियर के जरिए मेडिकल के छात्रों को मानव शरीर की संरचना के बारे में सिखाया जाता है।

# बड़े आकार का होगा बजट, मोदी के विजन को दी जाएगी प्रमुखता



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड के बजट में प्रधानमंत्री के 04 विजन को प्रमुखता दी जाएगी। विधानसभा का बजट सत्र आगामी 26 फरवरी से शुरू हो रहा है। इस बार बजट सत्र ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में न आयोजित होकर देहरादून में आयोजित हो रहा है। इसे लेकर विपक्ष सरकार पर सवाल उठा रही है।
वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने सत्र को लेकर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बजट उत्तराखंड के विकास का बने यह प्रयास रहता है। इसी के तहत सभी स्टेक होल्डर्स सहित अन्य वर्ग से बजट को लेकर संवाद किया जाता है। समग्र विकास का यह बजट होगा। निश्चित रूप से पिछले बजट से बड़े आकार का बजट प्रस्तुत होगा, जो राज्य के विकास के विकास के लिए निर्णायक साबित होगा।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 4 विजन को लेकर बजट को प्रमुखता दी जाएगी, जिसमें महिलाओं, युवाओं, गरीबों और अन्नदाताओं को फोकस करेंगे। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास के तहत जो भी अच्छे प्रावधान होंगे हम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जो स्वभाव है जो प्रवृत्ति है वह भ्रामक प्रचार का है। विकास से कोई लेना देना नहीं है। आज कांग्रेस मुद्दाविहीन हो गई है। जनता के समस्याओं से विपक्ष को कोई मतलब नहीं है।
उन्होंने एक सवाल पर कहा कि कांग्रेस को गैरसैंण का मुद्दा उठाने का अधिकार नहीं है और कांग्रेस कभी भी गैरसैंण को लेकर गंभीर नहीं रही है। भाजपा गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया है। ऐसे में कांग्रेस की सोच जगजाहिर है। भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों ने देहरादून में बजट सत्र आयोजित करने को लेकर पत्र दिया है। सरकार इन विधायकों के भावनाओं के आदर किया है। ऐसे में कांग्रेस गलतबयानी कर सुर्खियां बटोरना चाहती है।डा.अग्रवाल ने कहा कि पहली प्राथमिकता जनता की विकास का है और इसमें वित्त आड़े नहीं आता है। जिन विभागों को बजट आवंटन किया गया था और उसे खर्च नहीं कर पाए,ऐसे विभागों के बजट में कटौती की जा रही है। खर्च करने वाले विभागों को लिए विकास के लिए धन की कमी नहीं होनी दी जाएगी।
पूर्व नेता प्रतिपक्ष और चकराता कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह का कहना है कि बजट सत्र में आम जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा में उठाएंगे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की बैठक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण की अध्यक्षता में शनिवार को विधानसभा में 26 फरवरी से आयोजित हो रही बजट सत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक, बिजली, पेयजल समेत तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई।
बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी समेत शासन के तमाम उच्चाधिकारी मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था समेत तमाम व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं।

# स्थानीयों ने एक्स्ट्रा स्पेस का मसौदा पुर्नवास निदेशक को सौंपा

**कवायद**

**8 टिहरी बांध विस्थापितों के कब्जे वाली अतिरिक्त भूमि नियमितीकरण को लेकर कवायद तेज हो गई है।**



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
टिहरी बांध विस्थापितों के कब्जे वाली अतिरिक्त भूमि नियमितीकरण को लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर कवायद तेज हो गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही लोगों को सरकार की ओर से इसका लाभ मिल सकता है। विधायक किशोर उपाध्याय की सीएम पुष्कर सिंह धामी को मामले में कार्रवाई की मांग पर, अब जिला प्रशासन और पुनर्वास विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं।
अतिरिक्त भूमि नियमितीकरण समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि शुक्रवार को उन्होंने नई टिहरी में टिहरी बांध विस्थापितों और प्रभावितों के कब्जे वाले एक्स्ट्रा स्पेस का मसौदा डीएम व पुनर्वास निदेशक को सौंप दिया है। उन्होंने बताया 502 लोगों ने इसके लिए आवेदन किया है।

# पं.ल.मो. शर्मा परिसर के योग विभाग भ्रमण से खिले चेहरे



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
पण्डित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश योग विज्ञान विभाग के आयोजित द्वितीय एक दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय षटकर्म कार्यशाला में विदेशी पर्यटक एवं योगाभ्यासियों के चेहरे खिल गये।
शनिवार को योग विभाग के एक दिवसीय षटकर्म कार्यशाला में 10 विदेशियों ने प्रतिभाग किया, जिनको कार्यशाला के उपरांत परिसर के निदेशक एवं मुख्य अतिथि प्रो. महावीर सिंह रावत ने प्रमाण पत्र भी वितरित किये। कार्यशाला का आरम्भ मुख्य अतिथियों प्रो. एम एम रावत संकायाध्यक्ष प्रो. डीसी गोस्वामी समन्वयक प्रो. वीके गुप्ता और पदमा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला में जहां योग का प्रदर्शन एमए योग की छात्रा आकृति किया। एक सुन्दर भक्ति स्तुति शिव ताण्डव स्तोत्र पर पूर्णानन्द डिग्री कालेज के राहुल कुमार, दिव्यांश के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई।
कार्यशाला के निदेशक प्रो. एमएस रावत न केवल योग विभाग को इस सफल कार्यशाला के आयोजन पर बधाई प्रेषित की गई अपितु विदेशी सैलानियों को भी भारतीय संस्कृति की धरोहर योग विधा के प्रचार प्रसार के लिये प्रेरित किया, जिसका स्वागत विदेशियों ने सहृदय से किया।
गौरतलब है कि यथाशीघ्र परिसर इन विदेशी समूह के निदेशक से एमओयू करने की दिशा में अग्रसर है। कला संकायाध्यक्ष प्रो. डीसी गोस्वामी ने इस कार्यशाला को जन सामान्य के लिये उपयोगी बताया, जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिये। योग विभाग के समन्वयक प्रो. वीके गुप्ता ने इस कार्यशाला के माध्यम से योगाभ्यास को जीवन में अपनाने की बात कही। विदेशी समूह की संचालिका पदमा इस कार्यशाला से सभी विदेशीयों के साथ प्रसन्नचित्त नजर आईं और पुन :परिसर योग भ्रमण के लिये उत्सुक दिखाई दीं।

# विधानसभा सत्र को लेकर प्रशासन अलर्ट, माहौल खराब करने वालों की खैर नहीं




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा सत्र को लेकर विधानसभा परिसर के चारों ओर धारा-144 लागू कर दी गई है। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जिला प्रशासन ने यह कदम उठाया है।
ऐसे में विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा के पास कोई भी प्रदर्शन अथवा अशांति फैलाने वाले कार्य नहीं हो सकेंगे। उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।
जिलाधिकारी सोनिका ने बताया कि 26 फरवरी से आरंभ हो रहे विधानसभा सत्र के दौरान विभिन्न संगठनों व समुदायों द्वारा प्रदर्शन एवं अन्य प्रकार की गतिविधियों के कारण शांति व्यवस्था प्रभावित होने की पूर्ण संभावना है। ऐसे में विधानसभा परिसर के चारों ओर 300 मीटर की परिधि में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 लागू रहेगी।
**अस्त्र-शस्त्र पर प्रतिबंध-**
उक्त क्षेत्रांतर्गत कोई भी व्यक्ति अग्नेयास्त्र, लाठी, हाकी, स्टिक, तलवार अथवा अन्य कोई तेज धार वाला अस्त्र लेकर नहीं चलेगा और न ही कोई हिंसा के प्रयोग के लिए ईंट, पत्थर रोड़ा आदि एकत्र करेगा। कोई भी व्यक्ति अपने घर के आंगन के अतिरिक्त पटाखों एवं बारूद से बने किसी भी वस्तु का प्रयोग सड़क, गली व चौराहे पर नहीं करेगा। शस्त्र अथवा लाठी लेकर चलने का प्रतिबंध ड्यूटी पर कार्यरत राजकीय सेवकों व ऐसे विकलांग जिनके लिए लाठी का सहारा आवश्यक है, पर लागू नहीं होगा।
**बिना अनुमति नहीं होगा जुलूस-प्रदर्शन व सार्वजनिक सभा-**
उक्त क्षेत्रांतर्गत किसी भी प्रकार की नारेबाजी, लाउडस्पीकर का प्रयोग सरकारी इमारतों पर नारे लिखना, सांप्रदायिक भावना भड़काने वाले उत्तेजक भाषण करना, किसी प्रकार के भ्रामक साहित्य के प्रचार-प्रसार आदि भी प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर, चौराहे पर अथवा अन्य जगह पांच या उससे अधिक व्यक्ति एकत्र नहीं होंगे। किसी भी प्रकार के जुलूस-प्रदर्शन व सार्वजनिक सभा का आयोजन बिना पूर्व अनुमति के नहीं किया जाएगा।
**26 फरवरी से धारा-144 लागू-**
जनपद में शांति व्यवस्था अथवा आपसी सामंजस्य बनाए रखने के लिए कोई भी अवांछनीय तत्व कोई गैर जिम्मेदार हरकत न कर सके, इसके लिए जनहित में एकपक्षीय आदेश पारित किए गए हैं। यह आदेश आगामी 26 फरवरी से विधानसभा सत्र की समाप्ति तक प्रभावी रहेंगे। आदेश का उल्लंघन धारा-188 के अधीन दंडनीय होगा।

## स्कूटी चोरी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने स्कूटी चोरी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर चोरी की स्कूटी भी बरामद की है ।कोतवाली प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि ऋषिकेश में गत 19 फरवरी को राहुल राजभर पुत्र राजेंद्र राजभर निवासी मनसा देवी गुमानीवाला ऋषिकेश ने तहरीर में बताया कि उनकी स्कूटी रजिस्ट्रेशन नंबर यूके14ए6627 को आवास विकास कॉलोनी से किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली है ।पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का अवलोकन कर सीमा डेंटल के पास से घटना से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार कर स्कूटी बरामद की गई है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 297-DRM-MB-23-24 Dt. 21.02.2024 | 298-DRM-MB-23-24 Dt. 21.02.2024 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Construction of boundary wall near various stations and its approaches as measure to safeguard track and establishment avoiding encroachment in the section of ADEN/RK | Misc. Bridge Work in the section of SSE/W/RK under ADEN/RK |
| टेन्डर क्लोजिंग दिनांक / समय | 19.03.2024 16:00 | 19.03.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | ₹ 3,39,26,519.34 | ₹ 68,95,280.28 |
| धरोहर राशि | ₹ 3,19,600.00 | ₹ 1,37,900.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 05.03.2024 | 05.03.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह | 12 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 23.02.2024 608/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संपादकीय

## लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा में भारत पाक

**सर्वोच्च** न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआअर्द्धसत्य का खेल और लोकतत्र पर खतरा

यह गजब संयोग है कि भारत और पाकिस्तान दोनों इस वक्त लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा से एक साथ गुजर रहे हैं। भारत में लोकतंत्र की सुदीर्घ परंपरा रही है और पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए संघर्ष करता आया है, यह दोनों देशों के बीच का बुनियादी फर्क है। लेकिन दोनों देशों में एक बड़ी समानता ये है कि सत्ता पर काबिज होने के लिए पाकिस्तान में भी षड्यंत्र रचे जा रहे हैं और भारत में भी ऐसा ही हो रहा है। चंडीगढ़ का मेयर चुनाव इसका ताजा उदाहरण है। पहले इस चुनाव को केवल इस वजह से टाला गया कि पीठासीन अधिकारी बीमार थे। इसके बाद 30 जनवरी को जब चुनाव हुए तो आप और कांग्रेस का गठबंधन हार गया, जबकि भाजपा को आसान जीत मिल गई। इस चुनाव में आठ मतपत्रों को खारिज किया गया था और आप ने आरोप लगाए थे कि रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने ही मतपत्रों पर निशान बनाए थे। उनका एक वीडियो फुटेज भी सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लोकतंत्र की हत्या करार दिया था और सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट में अनिल मसीह ने स्वीकार भी किया कि उन्होंने आठ मतपत्रों पर निशान लगाए थे। इसके बाद मंगलवार को अदालत ने मतपत्रों की फिर से गिनती के आदेश दिए हैं, इसमें खारिज किए सभी आठ मतपत्र भी शामिल थे, जिससे आप के कुलदीप कुमार मेयर घोषित हो गए। चंडीगढ़ मेयर चुनाव देश में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से बहुत छोटा है। यहां पर विपक्ष ने हिम्मत नहीं हारी और इंसाफ के लिए लड़ाई जारी रखी, तो सच सामने आ गया। लेकिन इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों पर प्रश्नचिह्न तो लग ही गए हैं। और सबसे बड़ा सवालिया निशान तो इस बात पर है कि क्या सत्ता के दबाव में स्वतंत्र संस्थाओं और अधिकारियों को बेईमानी करने दी जा रही है। हाल ही में पाकिस्तान में हुए चुनाव में भी ऐसी ही बेईमानी हुई, लेकिन वहां एक अधिकारी ने सामने आकर अपनी बेईमानी न केवल कबूल की है, बल्कि खुद के लिए सजा की मांग भी कर दी।

पाकिस्तान में आम चुनाव हुए 10 से अधिक दिन हो गए हैं, लेकिन किसी भी दल को पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण अब तक सरकार का गठन नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के लोगों ने इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से ज्यादा वोट हासिल किए। फिर भी पीटीआई सरकार नहीं बना सकी, न ही अब तक नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो कोई समझौता कर पाए हैं। इस बीच चुनाव में धांधली के आरोप भी लगे थे और कहा गया था कि जीते हुए कई निर्दलीय प्रत्याशियों को हारा हुआ घोषित किया गया है। इससे पहले कि इस मामले की कोई जांच होती और चुनाव आयोग को क्लीन चिट मिलती, रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत अली चट्ठा ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि हमने 13 ऐसे निर्दलीय कैंडिडेट्स जो 70 से 80 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, उन्हें धांधली कर हरवा दिया। रावलपिंडी के क्रिकेट स्टेडियम में मीडिया से बात करते हुए लियाकत अली चट्ठा ने कहा कि वो इस वजह से सो नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने 'देश की पीठ में छुरा घोंपा हैइ। मैंने जो अन्याय किया है उसके लिए मुझे दंडित किया जाना चाहिए।

# तुष्टिकरण की राजनीति का कुफल संदेशखाली प्रकरण



आशीष वशिष्ठ

> "यह मान लिया गया है कि मुस्लिम सापेक्ष न होना पंथनिरपेक्षता का विरोधी होना है। यह कि यदि हमारी सोच का केंद्र बिंदु मुसलमान नहीं हैं तो हम भारत राष्ट्र को तोड़ने की दिषा में बढ़ रहे हैं। यदि हम किसी अबोध शिशु की दुधमुंही मुस्कान से प्राप्त होने वाले आत्म और वात्सल्य का अनुभव नहीं करते, तो हम मुस्लिम ही नहीं, भारत विरोधी भी हैं। और यह कि यदि हम अपने आचार विचार से हिन्दू विरोधी नहीं हैं तो हम सेकुलर नहीं हैं। अतएव यदि हमें सेकुलर बने रहना है तो हमें चाहिए कि हम कष्मीर घाटी से भगा दिये गये हिन्दुओं की पीड़ा प्रताड़ना, उनके दुख और दैन्य की बात न करें। कन्हैया लाल की हत्या और संदेशखाली पर मुंह बंद रखें। यानी हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचारों जिसमें सरकारें और राजनीति दल शामिल हैं"

**पश्चिम बंगाल के** उत्तर 24-परगना जिले में कालिंदी नदी के किनारे बसा गांव संदेशखाली पिछले कई दिनों से चचाओं में है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके दो सहयोगियों पर यहां की महिलाओं ने कथित अत्याचार और यौन उत्पीड़न के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। संदेषखाली की पीड़िताओं ने जो बातें जिम्मेदारी लोगों को बताई हैं, वह 21 वीं सदी में अकल्पनीय है। ऐसे में अहम सवाल है कि कोई शाहजहां शेख कैसे इतना निरंकुश हो जाता है? शाहजहां जैसे अत्याचारियों को ताकत कहां से मिलती है? इन सवालों का जवाब भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी के बयान के छिपा है। सुधांशु के अनुसार, ह्यह्यजो कुछ संदेशखाली में हो रहा है वो मात्र एक घटना नहीं बल्कि एक राजनीति सोच है, जो 78 वर्ष पूर्व नोआखाली से लेकर आज के संदेशखाली तक बंगाल के लिए नासूर बनती जा रही है। शाहजहां शेख एक व्यक्ति नहीं एक प्रवृत्ति है जिसे मात्र बंगाल में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक विशेष प्रकार का सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है। राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटे तो कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि जिन मुसलमानों के नाम पर कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण की नीति का आगाज किया उन मुसलमानों की माली हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। दूसरी विडंबना यह हुई कि कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण क्षेत्रीय पार्टियों, मीडिया, बुद्धिजीवियों तक होता गया। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के बलबूते ही सत्ता में आई थी। सत्ता पर काबिज होने के बाद से तृणमूल की सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदुओं व दूसरे समुदायों की पूरी तरह अनदेखी की। हिन्दुओं के धार्मिक उत्सवों और यात्राओं तक में सरकार ने अड़चने लगाने का काम किया। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की जो दुर्दशा हो रही है, वो किसी छिपी नहीं है। तृणमूल के नेता और कार्यकर्ता जिस तरह का अत्याचार कर रहे हैं, वो सुनकर हैरानी होती है कि हम किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हैं, और पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। पश्चिम बंगाल हो या फिर दिल्ली मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इनमें होड़ है। दिल्ली के दंगों में आम आदमी पार्टी के नेताओं की भूमिका सर्वविदित है। दिल्ली में शाहीन बाग प्रदर्शन के पीछे भी मुस्लिम तुष्टिकरण वाली राजनीतिक ताकतें अपना चेहरा चाहकर भी छुपा नहीं पाई थीं। तेलंगाना में जब बीआरएस और राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तब वहां मुस्लिम तुष्टिकरण ही राज्यनीति था। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल जब सरकार की हिस्सेदार थी, तब वहां भी मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर था। आजादी के बाद देश में जिस मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को जो बीज बोया गया, वह आगे चलकर वट वृक्ष बन गया। भारत दुनिया का इकलौता देश बना जहां बहुसंख्यकों के हितों की कीमत पर अल्पसंख्यकों को वरीयता दी गई। कांग्रेसी तुष्टिकरण का पहला नमूना आजादी के तुरंत बाद देखने को मिला जब देश के पहले राष?ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने गुलामी के पहले कलंक को मिटाने के लिए भव्य सोमनाथ मंदिर बनाने की पहल की। लेकिन मुस्लिम परस्ती के चलते प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर के नवीनीकरण और पुनर्स्थापना के कार्य से खुद को अलग कर लिया बल्कि तत्कालीन सौराष?ट्र के मुख?यमंत्री को आदेश दिया कि मंदिर निर्माण में सरकार का एक भी पैसा नहीं लगना चाहिए। इतना ही नहीं, जब राष?ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन करने जाने लगे तब नेहरू ने उन्हें रोकने की नाकाम कोशिश भी की। वास्तव में, अल्पसंख्यकवाद और मुस्लिम तुष्टिकरण ही भारत के छद्म धर्म (पंथ) निपरेक्षतावाद की मूल धुरी है। इस देश के मुसलमानों का खुश रहना नहीं, उन्हें खुश रखने के लिए हर संभव प्रयत्न का नाम है सेकुलरिटी। जैसे गरीबी हटाने का नारा जीवित रखने के लिए गरीब बनाकर रखना एक राजनीतिक आवश्यकता है, ठीक उसी प्रकार से इस देश के मुसलमानों को अपनी पूजा पद्धति रोजा नमाज और मस्जिद सहित यहां की मुख्य सांस्कृतिक और राष्ट्रीय धारा न बनने देकर उसके समानांतर एक मुस्लिम मजहबी धारा बनाकर रखना भी वोट राजनीति की जरूरत है। वोट राजनीति की इस विवष्ता को कतिपय राजनीतिक दल, दल विहीन राजनेता और बुद्धिवादी देश का स्थायी भाव बना देने की जी तोड़ कोशिशें कर रहे हैं। स्वभावतरू पंथनिरपेक्ष भर को सुनियोजित ढंग से पंथ और मजहब के संदर्भ में सोचने, जीने और अपना मानस बनाने को कहा जा रहा है कि यदि ऐसा सोचा और किया न गया तो देश साम्प्रदायिकता की आग में जलकर राख बन जायेगा। यदि संक्षेप में और कुछ वाक्यों में कहें तो आज के भारत की धर्म (पंथ) निरपेक्षता मुस्लिम सापेक्षता का पर्याय है। दोनों एक दूसरे के दास हैं। दोनों की आधार भूमि है सत्ता राजनीति। यह मान लिया गया है कि मुस्लिम सापेक्ष न होना पंथनिरपेक्षता का विरोधी होना है। यह कि यदि हमारी सोच का केंद्र बिंदु मुसलमान नहीं हैं तो हम भारत राष्ट्र को तोड़ने की दिषा में बढ़ रहे हैं। यदि हम किसी अबोध शिशु की दुधमुंही मुस्कान से प्राप्त होने वाले आत्म और वात्सल्य का अनुभव नहीं करते, तो हम मुस्लिम ही नहीं, भारत विरोधी भी हैं। और यह कि यदि हम अपने आचार विचार से हिन्दू विरोधी नहीं हैं तो हम सेकुलर नहीं है। अतएव यदि हमें सेकुलर बने रहना है तो हमें चाहिए कि हम कष्मीर घाटी से भगा दिये गये हिन्दुओं की पीड़ा प्रताड़ना, उनके दुख और दैन्य की बात न करें। कन्हैया लाल की हत्या और संदेषखाली पर मुंह बंद रखें। यानी हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचारों जिसमें सरकारें और राजनीति दल षामिल हैं, को अनदेखा करें। कांग्रेस की इस तुष्टिकरण की नीति का असर दूसरी राजनीतिक पार्टियों पर भी पड़ा और वे मुस्लिम वोट बैंक छिटकने के डर से हिंदुओं के हित में बोलने से कन?नी काटने लगीं। लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, एन चंद्रबाबू नायडू, अरविंद केजरीवाल, चंद्रशेखर राव जैसे नेताओं की मुस्लिमपरस?ती एक दिन में नहीं आई है। यह सब कांग्रेसी तुष्टिकरण रूपी वटवृक्ष के फल हैं। दरअसल कांग्रेस द्वारा क्षेत्रीय अस्मिताओं की उपेक्षा और तानाशाही से उपजी क्षेत्रीय पार्टियों ने मुस?लिम वोट हासिल करने के लिए मुसलमानों के सशक्तिकरण की बजाय तुष्टिकरण का कांग्रेसी फामूर्ला अपना लिया। इसका नतीजा यह हुआ कि एक ओर मुसलमानों का पिछड़ापन बढ़ा तो दूसरी ओर कट्टरपंथ को उर्वर जमीन मिली। ह्यतुष्टीकरणह्न की राजनीति ने मुख्यरूप से मुस्लिमों के बीच की मलाईदार पर्त को ही फायदा पहुंचाया। इससे कथित धर्मनिरपेक्ष राजनीति का खोखलापन उजागर होता है। कांग्रेस का इतिहास खुद इस बात का गवाह है कि उसने अपनी पूरी राजनीति तुष्टीकरण को आधार बनाकर ही की है अल्पसंख्यकों में भी उसने सबसे अधिक मुस्लिम वोटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि मुस्लिम वोट देश के कई हिस्सों में निर्णायक साबित होते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के बजट पर पहला हक मुसलमानों का बनता है। साल 2018 में उर्दू अखबार इंकलाब की एक रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा मुस्लिम बुद्धिजीवियों के बीच कथित तौर पर अपनी पार्टी को मुस्लिमों की पार्टी बताया था। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की जीत की बड़ी वजह मुसलमानों का थोक वोट मिलना था। पिछले साल मुस्लिम वोटों की बदौलत कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता हासिल करने में सफल रही। राजनीतिक दल वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण का सहारा लेते आए हैं। राजनीतिक दलों ने अपने एजेंडे के हिसाब से धर्म व संप्रदाय बांट रखे हैं और उसके तुष्टिकरण में वो किसी भी हद तक चले जाते हैं।



# कविता

लिखे खतों को गंगा में बहा देना
तुम।

गर हाले दिल न सुना सको जमाने के बीच
चलते चलते राहों में पलकें झुखा देना
तुम।।

हमसे न मिल सको तो ना मिलो सरे राह,
खूबसूदार दुपटटा हवाओं में लहरा देना तुम
।।

किस्मत में तेरा दीदार नहीं वक्त से पहले,
अपना तस्सवुर हवाओं में बिखरा देना
तुम।।

याद है वो पूरा चाँद और चाँदनी के ख्वाब,
दूब का बिछौना ओश की ओढनी लेना तुम।

राह में मिल जाएँ कहीं काँटे या पत्थर,
अपनी नर्म साँसों से मखमल बना देना तुम।

आती जाती हवाएँ कर जाती है तेरा जिक्र,
इश्क के नगमे हवाओं में लहरा देना तुम।।

बेवजह सँवरने में वक्त जाया न किया करो,
बस चेहरे से अपना दुपट्टा हटा देना तुम।।

होश खो देता कोई तुम्हे देखने के बाद.,
एसे मनचलों को उम्र कैद दे देना तुम।।

संजीव

## इजरायल के विरोध का सराहनीय फैसला

**7 अक्टूबर** 2023 से शुरू हुए गजा पर इजरायल के हमले किसी भी तरह नहीं रुक रहे हैं। पिछले 4 साढ़े 4 महीनों में लाखों जिंदगियां तबाह हो चुकी हैं। हमास को खत्म करने के नाम पर गजा के लोगों पर इजरायल की क्रूरता किसी तरह न कम हो रही है, न थम रही है। अमेरिका जैसे देशों के समर्थन से इजरायल नरसंहार को बेखौफ जारी रखे हुए है, हालांकि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, अल्जीरिया जैसे कुछ देश हैं, जो इजरायल के खूनी खेल के खिलाफ बोल रहे हैं, मगर ताकतवर देश मिलकर न्याय के लिए उठती इन आवाजों को दबा रहे हैं। सत्ता पर बैठे लोगों का रुख जो भी हो, लेकिन दुनिया भर में आम जनता इजरायल की आलोचना कर रही है और गजा में मासूम लोगों के कत्लेआम को रोकने के लिए विरोध-प्रदर्शन, बहिष्कार ऐसे तमाम उपायों को आजमाया जा रहा है। इसी कड़ी में अब भारत के वॉटर ट्रांसपोर्ट्स वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई) के सदस्य भी जुड़ गए हैं। देश के 11 बड़े बंदरगाहों पर काम करने वाले करीब 35 सौ कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली इस संस्था ने इजरायल भेजे जाने वाले उन जहाजों पर माल ढुलाई से इंकार कर दिया है, जिनमें हथियार और अन्य सैन्य सामग्री की आपूर्ति हो रही है।

संस्था के महासचिव टी नरेन्द्र राव ने कहा कि हमारा संघ हर तरह के युद्ध और मासूम लोगों पर हिंसा के खिलाफ है। इजरायल ने इस वक्त गजा पर जो युद्ध छेड़ा है, उसने हजारों फिलिस्तीनियों को असह्य पीड़ा दी है। इस युद्ध में महिलाओं और बच्चों के चिथड़े उड़ रहे हैं। ऐसे में हमारे संघ ने निर्णय लिया है कि हथियारों से लदे सभी तरह के जहाजों पर हम काम नहीं करेंगे। उनमें माल चढ़ाने या उतारने का काम नहीं करेंगे, क्योंकि इससे उन लोगों को मदद होगी जो मासूमों को मारने में लगे हैं। टी नरेन्द्र राव ने सभी भारतीय बंदरगाहों के कर्मचारियों से हथियारों वाले उन जहाजों पर काम न करने की अपील की जो फिलिस्तीन या इजरायल के लिए भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही इजरायल से तुरंत युद्ध रोकने का आग्रह भी संघ ने किया है। डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई ने एक जवाबदेह श्रमिक संघ के तौर पर उन लोगों के साथ अपनी एकजुटता और प्रतिबद्धता दर्शाई है, जो शांति के लिए काम कर रहे हैं। भारत में बंदरगाह कर्मचारियों के पांच संगठन है, जिनमें से डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई ने सैन्य मालवाहक जहाजों पर काम का बहिष्कार किया है। हो सकता है अब बाकी के संगठन भी ऐसा ही फैसला ले लें। 7 अक्टूबर से अब तक एक भी सैन्य मालवाहक जहाज इजरायल नहीं गया है, लेकिन हाल ही में भारत के मुंद्रा बंदरगाह से इजरायल के लिए सामान पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई का यह फैसला खास मायने रखता है। गौरतलब है कि लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने इजरायल तक जहाजों के पहुंचने का रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। अगर यह अवरोध बरकरार रहता तो इजरायल थोड़ा कमजोर पड़ सकता था। मगर मोदी सरकार में इजरायल से दोस्ती निभाने के लिए नया रास्ता खोज निकाला है।

# विचार

## युवाओं और बुजुर्गों के बीच घमासान के आसार

**तेजी से** बूढ़े हो रहे भारत में आगामी लोकसभा चुनावों के समय असल अग्निपरीक्षा देश के युवाओं और बुजुर्गों के बीच होगी। तीसरी बार सत्ता में आने के लिए लालायित नेताओं की उम्र 74 पार की होगी और उन्हें सत्ता में आने से रोकने वाले नेताओं की उम्र ज्यादा से ज्यादा 70 साल की होगी। लेकिन सत्ता में किसी भी नेता को पहुँचाने का काम देश के युवा मतदाता ही करेंगे ,क्योंकि संख्या बल में वे बुजुर्गों से ज्यादा होंगे।तीसरी बार सत्तारूढ़ होने की भविष्यवाणी कर चुके मौजूदा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जन्म 1950 का है ,यानि वे 74 साल के हो गए है । मोदी जी के मुकाबले खड़े कांग्रेस के राहुल गांधी का जन्म वर्ष 1970 का है ,यानि वे 54 साल के हो गए है। मोदी जी ने विवाहित होने के बाद रष्ट्रसेवा केलिए अपनी पत्नी का त्याग कर दिया है जबकि राहुल ने देशसेवा के लिए अभी तक विवाह किया ही नहीं है। लगता है वे अब कांग्रेस के अटलबिहारी बनकर ही मानेंगे।राहुल गांधी के इस संकल्प से शायद मोदी जी की कांग्रेस को वंशवाद से मुक्त देखने की मुराद पूरी हो जाये ,लेकिन सत्ता में तीसरी बार आने में राहुल का संकल्प ही सबसे बड़ी बाधा है। प्रधानमंत्री मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े इंडिया गठबंधन के खास सहयोगी समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव भी अभी 51 साल के है। उनका जन्मवर्ष 1973 है। वे लोकसभा चुनाव के असल कुरुक्षेत्र में भाजपा के सबसे प्रमुख प्रतिद्वंदी पहले भी थे और आज भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हालांकि कामयाबी हासिल नहीं हुई थी किन्तु इस बार वे कांग्रेस के साथ मिलाकर चुनाव लड़ रहे हैं ,इसलिए उन्हें ज्यादा कामयाबी की उम्मीद है। अखिलेश यादव पहले बसपा से भी गठबंधन कर चुके हैं और कांग्रेस से भी। भाजपा से भी उनकी पार्टी अतीत में गठजोड़ कर चुकी है।

लोकसभा चुनाव में जिस युवा नेता की देह की भाषा [वाडी लेंग्वेज ] सबसे ज्यादा मारक और आक्रामक दिखाई देती है वे नेता हैं राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव। तेजस्वी कुल जमा अभी 35 वर्ष के हैं । उनका जन्मवर्ष 1989 है। इतनी कम उम्र में ही वे अपने पिता लालू प्रसाद की राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी बन गए बल्कि बिहार में उन्होंने उप मुख्यमंत्री बनने का कमाल भी कर दिखाया। बिहार में भाजपा का रथ अगर कोई रोकता है तो वो है राजद और कांग्रेस का गठबंधन। राजद ने भी घाट-घाट का पानी पिआ है लेकिन कांग्रेस का साथ कभी नहीं छोड़ा। वे देश में धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी सोच से डिगे नहीं। ईडी और सीबीआई भी राजद के तेज को फीका नहीं कर पायी। बिहार से लगे झारखण्ड में भी मोदी जी के सपने में बाधक नौजवान झामुमो के हेमंत सोरेन है। हेमंत का जन्मवर्ष 1975 है यानि वे भी अभी पचास पार के नहीं हुए हैं और विपक्षी एकता के लिए जेल में हैं लेकिन वे भी केंद्र की सत्ता के सामने झुके नहीं। उन्होंने भाजपा के आपरेशन लोटस को ठीक उसी तरह नाकाम बनाया जैसा की राजस्थान में अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल ने बनाया था। झारखण्ड में अभी भी झामुमो और कांग्रेस की सत्ता है। हेमंत भी अपने पिता शिबू सोरेन की राजनीतिक विरासत के वारिस हैं नौजवानों की इस टीम के एक और महत्वपूर्ण और परिपक्व नेता हैं आम आदमीपार्टी के अरविंद केजरीवाल। अरविंद अभी कुल 56 साल के है। पुराने नौकरशाह हैं और इस समय उनकी पार्टी की दिल्ली के साथ ही पंजाब में सरकार भी है। अरविंद केजरीवाल ने भी इंडिया गठबंधन से गठजोड़ कार लोकसभा चुनाव में उतरने का फैसला किया है। वे भाजपा की ' बी ' पार्टी की पहचान से मुक्ति पा चुके हैं ,उन्हें इंडिया गठबंधन से अलग रखने के लिए ईडी और सीबाई आई भी भाजपा के काम नहीं आयी ,केजरीवाल भाजपा को उसके गढ़ गुजरात में भी आँखें दिखा चुके हैं और गोवा में भी। आगामी लोकसभा संग्राम की एक और प्रमुख सेनानी बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी है। ममता बनर्जी प्रधानमंत्री मोदी जी से पांच साल छोटी और बाकी की नौजवान टीम से सबसे वरिष्ठ है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**

**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**

**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## मनुष्य का मनुष्य होने की परिणति साहित्यिक चिंतन

**संजीव**

**साहित्य** अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है।

## सेवा और मेवा

**डॉ. सुरेश कुमार**

अस्पताल का नाम था सेवा मंदिर। सेवा का तो पता नहीं डॉक्टरों को मेवा बहुत मिलता था। अस्पताल के आरंभिक दिनों में डॉक्टर ऑटो में आते थे। अब खुद की चार-चार कोठियाँ और ऑडी-बेंज कार हैं। मरीजों का तो पता नहीं डॉक्टरों की बल्ले-बल्ले है। या यूँ कहिए कि अस्पताल केंचुए से अजगर बनने की कड़ी में जेट स्पीड से बढ़ता जा रहा था। यहाँ कर्मचारी काम कम खुशामदगिरी ज्यादा करते थे। खुशामदगिरी का परिणाम यह हुआ कि काम करने वाला कोल्हू का बैल बनकर उनके इशारे पर नाचता था। मरीजों से पूछने पर पता चला कि अस्पताल ऊपर से कमल के फूल के समान सुंदर और भीतर से दलदल की तरह है। एक बार जो मरीज बनकर आता है उसका घर-बार बिकना तय है। यहाँ गरीबों की भी सेवा होती है, लेकिन सरकारी स्वास्थ्य कार्ड होना जरूरी है। कार्ड है तो वार्ड है। वरना यहाँ आना बेकार है। डॉक्टरों को इन कार्डधारकों को हैंडल करने के लिए खास तरीके की ट्रेनिंग दी गई है। कोई भी बाहरी बीमारी हो उसे बड़ा बताकर ऑपरेशन करने के लिए बाध्य करना इनकी चिकित्सकीय निपुणता का पहला और अंतिम निर्णय होता है। वैसे इस अस्पताल का नाम बीमा मंदिर होना चाहिए था। कारण, यहाँ बीमाधारी मरीजों को विशेष खातिरदारी होती है। मरीज के अस्पताल में प्रवेश करते ही सबसे पहले पूछा जाने वाला सवाल होता है झ्र क्या आपके पास बीमा है? यही मरीज ने हाँ कह दिया तो समझो डॉक्टरों की टीम जोंक की तरह उस पर टूट पड़ेगी। सेलाइन चढ़ाने से पहले खून चूसने का अपना मनपसंद काम शुरू कर देंगे। बीमा धारकों के भर्ती होने का मतलब अपनी गाड़ी सर्विसिंग देने जैसा है। जिस तरह गाड़ी का पुर्जा-पुर्जा खोलकर देखा जाता है ठीक उसी तरह ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, स्टूल टेस्ट, ईसीजी, एक्सरे, अल्ट्रास्कैन, फलाना स्कैन, ढिमका स्कैन सब कुछ कराया जाता है। ऐसा करने से बिल का पेपर खिच-खिच की आवाज के साथ अपनी लंबी जीभ के साथ बाहर आता है। बिल मरीज से ज्यादा उसके बीमा वाले पैसों का स्वाद चखने के लिए आतुर होता है। एक बात तो माननी होगी कि दुनिया में इतनी सारी समस्याएँ और मतभेद हैं बावजूद इसके बिल बीमाधारी मरीज के साथ कोई भेदभाव नहीं करता। सबको एक समान देखता और व्यवहार करता है।

# स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दी बड़ी सौगात

राजकुमार प्रिंस

**करनालः मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शनिवार को प्रदेश की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने बीते वर्ष घोषणा की थी कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करते हुए हर जिले में सांझा बाजार खोले जाएंगे। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल जिले में पहले सांझा बाजार का आज उद्घाटन किया।



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इन समूहों की महिला सदस्यों को स्थायी आधार पर अपनी आजीविका कमाने के लिए इस नियमित बाजार में एक मंच पाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 6 जिलों में सांझा बाजार के लिए जगहों को चिन्हित कर लिया है। पहले चरण में बनने वाले इन सांझा बाजारों में हर एक में 10 कैबिन बनाए जाएंगे और आने वाले समय में आवश्यकता पड ? पर बढ़ाए जाएंगे। इन कैबिनों का प्रत्येक दिन का किराया मात्र सौ रुपये होगा।

सीएम ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के तहत पूरे प्रदेश में 58 हजार ग्रुप बनाए गए हैं। इन समूहों में 6 लाख महिलाएं सदस्यों के रूप में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इन 6 लाख महिलाओं में एक लाख महिलाएं ऐसी हैं,

**सशक्तिकरण**

**8 सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और गरीबी रेखा से बाहर निकालने पर दे रही है जोर : मनोहर लाल**

जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है। इसी चरण पर केंद्र सरकार की ड्रोन दीदी योजना के अनुसार प्रदेशभर में पहले चरण में 500 महिलाओं को ड्रोन की ट्रेनिंग दी जा रही है। स्वयं सहायता समूहों को गांव के साथ-साथ शहरों में भी और बढ़ावा देने पर सरकार जोर दे रही है।

उन्होंने बताया कि करनाल जिले में 5298 स्वयं सहायता समूह बन चुके हैं, जिनमें 57175 महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो कि पूरे प्रदेशभर में सर्वाधिक आंकड़ा है। इसी कड़ी में 386 ग्राम संगठन बने हुए हैं और 17 कलस्टर लेवल फैडरेशन संचालन में हैं। प्रदेश सरकार की तरफ से करनाल जिला में इन स्वयं सहायता समूहों को 5 करोड़ 82 लाख 80 हजार रुपये तथा ग्राम संगठनों को 7 करोड़ 57 लाख रुपये की राशि दी जा चुकी है। इसी प्रकार 140 करोड़ रुपये की धनराशि ऋण के रूप में ग्रामीण गरीब महिलाओं को आजीविका हेतु करनाल जिला में उपलब्ध करवाई गई है।

## मुख्यमंत्री ने भाजपा नेता मास्टर अमर सिंह के आकस्मिक निधन पर जताया दुख

**सांत्वना**

**8 मास्टर अमर सिंह एक शिक्षक थे और समाज सेवा के कार्यों में भी बढ़चढ़ कर अपना योगदान देते थे।**



राजकुमार प्रिंस

**करनालः प्रिंसः मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने करनाल प्रवास के दौरान सीएचडी स्थित मकान न. एल ई-38 पर पहुंचकर भाजपा नेता मास्टर अमर सिंह 92 वर्षीय के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया और परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि मास्टर अमर सिंह के निधन से परिवार के साथ-साथ समाज को बड़ी क्षति हुई है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। बता दें मास्टर अमर सिंह एक शिक्षक थे और समाज सेवा के कार्यों में भी बढ़चढ़ कर अपना योगदान देते थे। उन्होंने शिक्षक के पद से ऐच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद सन 1991 में भाजपा की टिकट पर नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा था।

अमर सिंह अपने पीछे हराभरा परिवार छोडकर गए हैं, परिवार में उनकी धर्मपत्नी कृष्णा देवी, बेटा युद्धवीर चौधरी तथा दो बेटियां व पोते-नाती शामिल हैं।

इस मौके पर सांसद संजय भाटिया, घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, सीएचडी के प्रधान चौधरी रणधीर सिंह तथा प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन मौजूद रहे।

**न्यूज फ्लैश**

## जेनेसिस क्लासेस की ओर से गीता विद्यालय में किया गया अभिभावकों का मार्गदर्शन



दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** :आज गीता विद्यालय में पेरेंट्स गेट टू गेदर का आयोजन किया गया ।जिसमें विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने आए हुए अभिभावकों को बताया कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्र को सफल बनाना है, पर कम्पटीशन के इस युग में एक एक्सपर्ट मार्गदर्शक के बिना ऐसा संभव नहीं है। आपके बच्चे को एक उचित मार्गदर्शन मिले इसके लिए स्कूल मैनेजमेंट ने नार्थ इंडिया के मशहूर शिक्षण संस्थान जेनेसिस क्लासेज से अनुबंध किया है । जेनेसिस क्लासेज के एक्सपर्ट अब हमारे विद्यालय में ही यहाँ के छात्रों को नीट, जेइ एनडीए व ओलिंपियाड की तैयारी करायेंगे। आपका बच्चा कैसे आने वाले समय में डॉक्टर, इंजीनियर, आर्मी ऑफिसर और सफल व्यक्ति बन सकता है इस विषय पर आचार्य पवन ने अभिभावको व आचार्यो का मार्गदर्शन किया ।आज के कंपटीशन के दौर में प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को एक बेहतर नौकरी दिलाने का सपना देखता है किंतु सही मार्गदर्शन का चयन नहीं कर पाता जिस कारण बच्चा कामयाबी हासिल नहीं कर पाता जेनेसिस के माध्यम से सही और सटीक मार्गदर्शन किया जाता है जिससे बच्चा जो चाहे बिना बांधा के बन सकता है ।उन्होंने कहा उच्च नौकरी पाने के लिए अधिक पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं होती। बच्चों की गुणवत्ता को जानकर उसी के अनुरूप शिक्षा देने की जरूरत होती है, ऐसा करने पर बच्चों को उच्च पद, मनचाही नौकरी पाने का सपना आसानी से साकार हो सकता है। जेनेसिस क्लासिज के माध्यम से यही प्रयास किया जाता है उन्होंने खरगोश और कछुए की कहानी के माध्यम से समझाया कि केवल मेहनत से कामयाबी नहीं मिलती मेहनत तो सभी करते हैं किंतु मेहनत करने के साथ-साथ यह भी आवश्यक है की मेहनत किस दिशा में करनी चाहिए तथा उसका तरीका कैसा होगा ।यही कार्य जेनेसिस क्लासेज में किया जाता है।

## बोर्ड परीक्षाओं में प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाना अव्यवहारिकः राजेन्द्र टंडन

दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्रः** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, कुरुक्षेत्र के प्रधान राजेंद्र टंडन व महासचिव संदीप चौहान ने हरियाणा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाने को अव्यवहारिक बताया है ।उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में उन्होंने एक सप्ताह पहले भी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र को इन परीक्षाओं में ड्यूटी ना लगाने बारे ज्ञापन दिया था ।लेकिन इसके बावजूद भी प्राथमिक शिक्षकों के मोबाइल पर उनकी डयूटी से सम्बंधित मैसेज आ रहे हैं ।उन्होंने कहा कि पहले ही विद्यालयों में पांच कक्षाओं के लिए 2 या 3 अध्यापक हैं, अगर वे भी बोर्ड की डयूटी में चले जाते हैं तो विधालय खाली हो जाएंगे ।इस समय पाठ्यक्रम पूरा करवाने में और एफ एल एन के तहत कक्षाओं में बच्चों के असेसमेंट चल रहे हैं ।निपुण हरियाणा के तहत विधालयों में पढाई जोरों पर है ।अगर इस समय अध्यापक अपनी कक्षाओं में नही होगा तो छोटे बच्चों के लिए काफी समस्याएं आ सकती हैं ।इससे प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था चरमरा जाएगी ।सत्र के अंतिम पड़ाव में बच्चों के प्रति नाइंसाफी होगी।

## 'गुरु रविदास की शिक्षाओं का जीवन में करें अनुसरण

**कामना**

**8 विदास मंदिर में माथा टेका और श्रद्धा सुमन अर्पित किए व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।**



राजकुमार प्रिंस

**करनालः** सीएम मनोहर लाल शनिवार को असंध के वार्ड नंबर-1 में गुरु रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम गुरु रविदास मंदिर में माथा टेका और श्रद्धा सुमन अर्पित किए व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि हमें गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का अनुसरण अपने जीवन में करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने असंध के गुरु रविदास मंदिर में लंगर हाल के लिए 5 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गुरु रविदास जी का जन्म भले ही उत्तर प्रदेश के वाराणसी (काशी) में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा से देश व दुनिया को लाभ हो रहा है। उनके पवित्र विचारों से हम अपने जीवन में भी शुद्धता ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हम गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करके एक अच्छे नागरिक के रूप में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। गुरु रविदास जी के जीवन से प्रभावित होकर ही हमने कुरूक्षेत्र के पिपली में 5 एकड़ जमीन पर गुरु रविदास जी के नाम से भव्य स्मारक बनाने की घोषणा की है। इस स्मारक के लिए जमीन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा दी गई है। इस स्मारक का जल्द ही शिलान्यास किया जाएगा। सीएम ने कहा कि संत-महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हरियाणा सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना के तहत महापुरुषों की जयंती मनाई है।

## सब मिलकर संगठन को और मजबूत करेंगेः जरवाता

टीम एक्शन इंडिया

**पंचकूलाः** हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के दिशा-निर्देश पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक सत्य प्रकाश जरवाता ने जिला अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए कहा कि सब मिलकर संगठन को और मजबूत करेंगे। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्षों में राकेश वाल्मीकि को पंचकुला, अमित वाल्मीकि को भिवानी, धरमबीर को गुरुग्राम, गंगादान डागर को नूह, कर्मबीर खिची को महेन्द्रगढ़, राजेश माखरोली को झज्जर, बलवंत सिंह सिंघमार को जींद, विकास ललोधा को फतेहाबाद, ओम प्रकाश को करनाल, शमशेर कलिंगा को रोहतक, सत्यप्रकाश जाटव को पलवल, अमित वाल्मीकि को सोनीपत, सुलतान अरजाना को कुरुक्षेत्र, शैलेंदर को कैथल, गौरव चौहान को फरीदाबाद, विनोद नागर को सिरसा, श्री बलराज को चरखी दादरी, राजकुमार को हिसार,अमित कुमार को अम्बाला, रोहताश वाल्मीकि को रेवाड़ी, रविन्द्र तोशामर को पानीपत और धर्म सिंह को यमुनानगर जिले की जिम्मेदारी दी गई है। मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रमुख संजीव घारू ने जानकारी देते हुए बताया कि मोर्चा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावाता के नेतृत्व में 24 फरवरी को संत शिरोमणि गुरू रविदास जी महाराज की 648वीं जयंती के उपलक्ष्य में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम और हरियाणा में 1800 जगहों पर अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे।

# सूर्य प्रताप राणा की शादी के अवसर पर सीएम ने दी बधाई

राजकुमार प्रिंस

**करनालः** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल प्रवास के दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा के बड़े भाई दुष्यंत राणा के बेटे सूर्य प्रताप राणा की शादी के अवसर पर असंध में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने परिवार के लोगों को शादी की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री ने सूर्य प्रताप को नए जीवन की शुरूआत के लिए अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि आपका जीवन मंगलमय हो।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, सांसद संजय भाटिया, घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण, पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, पूर्व विधायक स. बक्शीश सिंह, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण बोर्ड चेयरमेन निर्मला बेरागी, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, कैथल जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, असंध विधायक शमशेर गोगी, नपा चेयरमैन सतीश कटारिया, भाजपा जिला सचिव गुरबक्शीश सिंह लाडी, दीपक छाबडा, डॉ. बुटी राम, जगदीश गुप्ता, पुर्व विधायक रमेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष अमित राणा व राम अवतार जिंदल, बृज लाल टक्कर, हरबीर सिंह सहित भाजपा पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**आशीर्वाद**

**8 मुख्यमंत्री ने सूर्य प्रताप को नए जीवन की शुरूआत के लिए अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि आपका जीवन मंगलमय हो**

## अनियंत्रित कैब खंभे में टकराई, हादसे में दो छात्राओं की मौत, दो घायल

**सोनीपतः सेक्टर-27** शहर सोनीपत थाना क्षेत्र के सोनीपत-राठधाना सड़क मार्ग पर अनियंत्रित कैब पलटते हुए बिजली के खंभे में जा टकराई। हादसे में कार सवार दो छात्राओं की मौत हो गई। जबकि हादसे में एक छात्रा व छात्र घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने छात्राओं के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घायल छात्रा के बयान पर आरोपित छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोमती नगर एक्सटेंशन लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी रिसिका सिंह ने बताया कि वह ओपी जिंदल ग्लोबल विवि में एलएलबी की छात्रा है। वह तथा उनकी सहपाठी मूलरूप से राजस्थान के जयपुर स्थित महाराणा प्रताप मार्ग निवासी ख्याति और गुरुग्राम के विज्ञान विहार सेक्टर-56 निवासी जिया और विवि के ही छात्र मनन के साथ राई स्थित होटल में गए थे। वहां से नाश्ता करने के बाद वह सुबह करीब छह बजे कैब में सवार होकर विवि जाने के लिए निकले थे। जब वह चलने लगे तो मनन ने कैब चालक से गाड़ी ले ली। मनन गाड़ी चलाने लगा और चालक उसके साथ बैठ गया। रिसिका ने बताया कि वह, ख्याति (19 )और जिया (18) पिछली सीट पर बैठे थे। मनन गाड़ी को तेज गति से चला रहा था। जब वह विवि के पास पहुंचे तो अचानक ट्रक आ गया। मनन ने टर्न लिया और ट्रक को ओवरटेक करने लगा। इसी बीच उसने दूसरा टर्न लिया और कैब सड़क किनारे खंभे से टकरा गई। हादसे मे कैब क्षतिग्रस्त हो गई और खंभा गाड़ी के ऊपर ही गिर गया। वह मशक्कत से बाहर निकले।

## दो मासूम भाइयों को उनकी मां के प्रेमी ने अपहरण कर उतारा मौत के घाट

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपतः सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के मशद मोहल्ला के स्कूल में जाने के बाद लापता हुए दो मासूम भाइयों का उनकी मां के प्रेमी ने ही अपहरण करने के बाद उनकी तार से गला दबाकर हत्या कर दी। महिला के बयान पर अपहरण का मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच कर रही पुलिस ने सनसनीखेज वारदात से पर्दा उठाया है। मामले में पुलिस देर रात शक के आधार पर आरोपित महिला के प्रेमी से पूछताछ करने गई तो उसने भागने के लिए छत से छलांग लगा दी। जिससे वह घायल हो गया। आरोपित से पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को

**खुलासा**

**8 गांव बाघु बागपत में लेकर गया खेत में तार व जूते की डोर से गला दबाकर बेरहमी से की हत्या**

उत्तर प्रदेश के बागपत के गांव बाघु के खेत से बरामद कर लिया है। दोनों बच्चों के शवों का बागपत के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। मामले की शुरूआती जांच में बच्चों की मां की भूमिका सामने नहीं आई है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित नितिन निवासी बरनावा यूपी हाल में कबीरपुर का है। शहर के आदर्श नगर निवासी रूबी ने गत 22 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका पांच साल पहले उसके पति राहुल से तलाक हो चुका है। वह अपने बेटे वंश (10) और यश (7) के साथ रहती हैं। 21 फरवरी को वह दोनों बेटों को मशद मोहल्ला स्थित सरकारी स्कूल में छोड़कर काम पर चली गई थीं। शाम को घर आई तो दोनों बेटे नहीं मिले थे। स्कूल में पता करने पर शिक्षिका ने बताया था कि दोनों बच्चे स्कूल से घर जा चुके हैं।

## एंटी करप्शन इंडिया के कार्यालय में अमन वर्मा पहुंचे

राजकुमार प्रिंस

**करनालः** भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता को समर्पित देश की विख्यात ऑर्गनाइजेशन एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कार्यालय में फिल्म एवं टीवी अभिनेता अमन वर्मा पहुंचे। अमन वर्मा का राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचने पर नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने बुके देकर स्वागत किया।



अमन वर्मा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के क्षेत्र में देश भर में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्म जगत के हम जैसे सेलिब्रिटीज को भी एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्रीज के काफी सेलिब्रिटी फाउंडेशन की मुहिम के साथ जुड़े हुए हैं और वो देशहित के लिए अपना संदेश देने के लिए फाउंडेशन के कार्यक्रमों में शिरकत करते हैं। उन्होंने कहा की देश के प्रत्येक व्यक्ति को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक होना चाहिए। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।

# महिला से मोबाइल छीनने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

### सभी आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उनका दो दिन का रिमांड हासिल किया

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला पुलिस ने बस में सवार महिला से मोबाइल फोन छीनने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उनका दो दिन का रिमांड हासिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि गत दिवस शिकायतकर्ता आरती वासी हांसी रोड करनाल जो कि करनाल से असंध जा रही थी। गांव ठरी से चार युवक बस में चढ़े और महिला से उसका फोन छीनकर ले गए। मामले में आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में छीना झपटी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में असंध थाना की टीम ने कुछ ही घंटो में कस्बा असंध से मामले में संलिप्त तीन आरोपियों बजिंदर पुत्र रामकिशन वासी सिसाय हिसार, बंटी पुत्र राजबीर और सुमित पुत्र राजबीर वासियान लोहचब जींद को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ में पाया गया कि उन्होंने ही अपने चौथे साथी प्रदीप वासी लोहचब जींद के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं, जो कि कस्बा असंध में किराए पर रहते है और नशापूर्ति और पैसों के लालच में चोरी, स्नैचिंग की वारदात करते हैं। आरोपियों के खिलाफ पहले भी चोरी, छीना छपटी, एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मुकदमें दर्ज हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर मोबाइल बरामद किया जाएगा और मामले में संलिप्त चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।



**गिरफ्तार**

**8 रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर मोबाइल बरामद किया जाएगा और मामले में संलिप्त चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।**

## योग का अभ्यास मानवता को भी सुधारता हैः दिनेश गुलाटी

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में बलदेव स्कूल में योग सत्र की शुरूआत सूक्ष्म व्यायाम से की गई, जिसमें शिक्षक राजीव शर्मा और पूनम खन्ना ने साथ दिया।



सत्र के दौरान दिनेश गुलाटी ने कहा कि 25 फरवरी से 1 मार्च तक फव्वारा पार्क सैक्टर 12 करनाल में विशाल योग शिविर आयोजित किया जाएगा।

यह पांच दिवसीय योग शिविर निशुल्क रहेगा। प्रतिदिन कुशल योग विशेषज्ञ, डॉक्टर्स और डाइटिशन इस शिविर का हिस्सा बनेंगे और हमारा मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया लगभग 20 वर्षों से फव्वारा पार्क में यह योग कक्षा लगाई जा रही है। शीत ऋतु के कारण योग कक्षा बलदेव स्कूल में स्थानांतरित कर दी गई थी। अब मौसम परिवर्तन के कारण फिर से अपने नियत स्थान पर लगेगी।

इसके बाद मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने अपनी टीम के साथ शिविर स्थल का निरीक्षण किया। शिविर को लेकर होने वाली तैयारियों का जायजा लिया और टीम को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर वीना धीर, पूनम खन्ना, राजीव शर्मा, नरेश चौधरी, ऐनफ चौधरी, अनुज और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

## जो रूट ने भारत के खिलाफ नाबाद शतक जड़ रचा इतिहास, तोड़ा शिवनारायण चंद्रपॉल का 11 साल पुराना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली.एजेंसी**

इंग्लैंड के सबसे अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने भारत के खिलाफ रांची टेस्ट में नाबाद शतकीय पारी खेल इतिहास रच दिया है। रूट चौथे टेस्ट की पहली पारी में 122 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी इस पारी के दम पर इंग्लैंड 353 रनों के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रहा। पहले दिन लंच ब्रेक तक मेहमानों ने अपने 5 विकेट 112 के स्कोर पर ही खो दिए थे, उस समय ऐसा लग रहा था कि इंग्लिश टीम 200 के अंदर ही सिमट जाएगी, मगर फिर रूट ने फोक्स और रॉबिंसन के साथ शतकीय साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

जो रूट इसी के साथ भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा नाबाद टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में वेस्टइंडीज के पूर्व स्टार बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपॉल का 11 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। चंद्रपॉल ने 1994 से 2013 के बीच भारत के खिलाफ 4 नाबाद शतकीय पारी खेली थी। वहीं रूट का यह भारत के खिलाफ 5वां नाबाद शतक है।

वहीं जो रूट ने एक देश के खिलाफ सबसे अधिक नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में एलन बॉर्डर और स्टीव वॉ जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली है। इन तीनों ही खिलाड़ियों के नाम टेस्ट क्रिकेट में एक देश के खिलाफ सबसे अधिक 5 नाबाद शतकीय पारी खेलने का रिकॉर्ड है।

बात भारत के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में जो रूट के प्रदर्शन की करें तो, पहले तीन टेस्ट में उनका प्रदर्शन काफी फीका रहा था। बैजबॉल शैली में बल्लेबाजी करते हुए वह भारतीय सरजमीं पर 30 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर पा रहे थे। मगर रांची में जैसे ही उन्होंने अपना स्वाभाविक खेल खेलना शुरू किया तो उन्होंने शतक जड़ दिया। यह उनके टेस्ट करियर का 31वां शतक है। 8 महीने के इंतजार के बाद रूट के बल्ले से यह शतक निकला है। 122 रनों की पारी खेलने के लिए रूट ने 274 गेंदों का सामना किया जिसमें उन्होंने 10 चौके लगाए।

## कुलदीप यादव को उतने ओवर नहीं मिले, जितने...रोहित शर्मा ने ऐसा किया तो उठने लगे सवाल

**नई दिल्ली.** जो रूट (274 गेंदों में नाबाद 122) के शतक के दम पर इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ जारी रांची टेस्ट की पहली पारी में 104.5 ओवर में 353 रन बनाए। इंग्लैंड ने शुक्रवार को 7 विकेट के नुकसान पर 302 रन बटोरे। इंग्लिश टीम शनिवार को दूसरे दिन 51 रन जोड़ सकी। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने पहले पारी में 12 ओवर फेंके, जिसमें चार मेडन रहे। उन्होंने 22 रन खर्च किए लेकिन कोई विकेट नहीं मिला। कुलदीप ने पहले दिन 10 और अगले दो ओवर किए। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आरपी सिंह का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा ने कुलदीप को पहले दिन कम ओवर दिए।



आरपी सिंह ने कलर्स सिनेप्लेक्स पर चर्चा के दौरान टीम इंडिया के गेंदबाजी प्रदर्शन पर कहा, गेंदबाजों ने काफी प्रयास किया। आर अश्विन, रविंद्र जडेजा और दोनों तेज गेंदबाजों- मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने काफी मेहनत की। सिराज ने अपने पहले स्पेल की तुलना में दूसरे स्पेल में बेहतर गेंदबाजी की। हालांकि, आपने कुलदीप यादव का उतना इस्तेमाल नहीं किया जितना करना चाहिए था। जडेजा और अश्विन ने जरूरत से ज्यादा गेंदबाजी की। इस वजह से कुलदीप उतनी गेंदबाजी नहीं कर सके और ऐसा होता भी है। जब आपके पास तीन स्पिनर होते हैं और तीनों विकेट लेने वाले गेंदबाज होते हैं तो उनमें से एक को कई बार कम ओवर मिलते है। कुलदीप के साथ यही हुआ।

वहीं, पूर्व बल्लेबाज और मशहूर कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि कुलदीप को बहुत देर से गेंद थमाई गई। उन्होंने कहा, यह सही है, जब आपके पास पांच गेंदबाज होते हैं तो आप विकल्पों के मामले में थोड़े कंफ्यूज हो जाते हैं। जब आप बुक में जाते हैं तो आप कई बार कंफ्यूज होते हैं। कुलदीप यादव को शत प्रतिशत देर से लगाया गया था। उन्हें थोड़ा पहले गेंदबाजी कराई जा सकती थी।

# 34 की उम्र में क्रिकेट फील्ड पर कर्नाटक के खिलाड़ी का निधन

## जीत का जश्न मनाते हुए आया हार्ट अटैक





**नई दिल्ली.** बेंगलुरु में आयोजित एजिस साउथ जोन टूर्नामेंट में एक चौंकाने वाली घटना देखने को मिली जब कर्नाटक के क्रिकेटर के होयसला का दिल का दौरा पड़ने से 34 साल की उम्र में दुखद निधन हुआ। तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले इस टूर्नामेंट में प्रतिभाशाली खिलाड़ी के असामयिक निधन से हर कोई सदमे में है। यह घटना गुरुवार को बेंगलुरु के आरएसआई ग्राउंड पर घटी।तमिलनाडु के खिलाफ जब कर्नाटक के खिलाड़ी मैदान पर जीत का जश्न मना रहे थे तो होयसला अचानक सीने में तेज दर्द के कारण मैदान पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। ऑन-साइट डॉक्टरों द्वारा तत्काल आपातकालीन उपचार किया गया, लेकिन दुर्भाग्य से होयसला ने प्रयासों का जवाब नहीं दिया।इसके बाद, उन्हें आगे के इलाज के लिए एम्बुलेंस से बॉरिंग अस्पताल ले जाया गया। दुखद बात यह है कि अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे पहले ही मृत घोषित कर दिया। होयसला के आकस्मिक निधन की खबर से क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। खिलाड़ियों, प्रशंसकों और अधिकारियों ने प्रतिभाशाली क्रिकेटर के निधन पर शोक व्यक्त किया है।कर्नाटक सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडू राव ने सोशल मीडिया पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, +एजिस साउथ जोन टूर्नामेंट के दौरान कर्नाटक के उभरते क्रिकेटर, तेज गेंदबाज के. होयसला के आकस्मिक निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में मेरी हार्दिक संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। हार्ट अटैक से युवाओं की मौत की हाल की घटनाएं स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व और हृदय स्वास्थ्य के बारे में सतर्क रहने की जरूरत को रेखांकित करती हैं।

मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज और गेंदबाज होयसला ने अंडर-25 वर्ग में कर्नाटक टीम का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कर्नाटक प्रीमियर लीग में भी खेला है।बॉरिंग हॉस्पिटल और अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. मनोज कुमार के मुताबिक, क्रिकेटर को मृत अवस्था में लाया गया था और पोस्टमॉर्टम के बाद रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### एलिसा कैप्सी को आखिरी ओवर क्यों दी ? दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लेनिंग ने बताई वजह

**खेल डैस्क .** दिल्ली कैपिटल्स के लिए महिला प्रीमियर लीग के पहले ही मुकाबले में मुंबई इंडियंस पर जीत यकीनी लग रही थी लेकिन आखिरी गेंद पर साजना ने छक्का लगाकर दिल्ली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मैच के बाद दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने कहा कि विकेट अच्छा था लेकिन मुंबई ने कसी हुई लेंथ से गेंदबाजी की। आम तौर पर यह विकेट गेंदबाजों के लिए अच्छा था। मुंबई ने शुरुआत में काफी अच्छी गेंदबाजी की, जो शायद अंतर था। हमने सोचा कि हम खेल में हैं। हमने इसे आखिरी गेंद तक ले जाने के लिए संघर्ष किया, दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो सका।

लेनिंग ने कहा कि अधिकांश भाग में हमने बहुत अच्छी तरह से योजना लागू की। बाएं हाथ के खिलाड़ी के रूप में यास्तिका ने जटिल चीजों को अंजाम दिया। पहले गेम के लिए हमें एक सप्ताह का समय मिला है यह एक अच्छा प्रयास था।

अंत में हम लगभग फंस गए। जब हमने कौर को आउट किया तो हम खेल में थे, लेकिन बाहर आना और पहली ही गेंद पर छक्का जड़ना काफी प्रभावशाली है। वहीं, कैप्सी को आखिरी ओवर देने पर मेग ने कहा कि वह दाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ अच्छा रहती है। लेकिन आज ऐसा नहीं हुआ।

## डेविड वॉर्नर चोट के चलते न्यूजीलैंड दौरे से हुए बाहर, क्या IPL 2024 में कर पाएंगे वापसी?

**नई दिल्ली.एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर चोट के कारण ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी 20 से बाहर हो गए हैं, लेकिन उनके अगले महीने आईपीएल की शुरुआत तक फिट होने की उम्मीद है। वॉर्नर शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टी20 मुकाबला भी नहीं खेले थे। बताया जा रहा है कि वॉर्नर की कमर में दर्द है जिस वजह से उन्होंने दूसरा मैच मिस किया था। उन्हें ठीक होने में थोड़ा समय



लगेगा, ऐसे में उन्होंने न्यूजीलैंड दौरे से हटने का फैसला लिया।हालांकि, उनकी यह चोट ज्यादा गंभीर नहीं है और इससे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन में भाग लेने की उनकी योजना पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वॉर्नर आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं और पिछले सीजन में उन्होंने ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में कप्तानी की थी।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने बयान में कहा, को एक संक्षिप्त रिकवरी अवधि की आवश्यकता होगी, जिससे आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के लिए उनकी उपलब्धता प्रभावित होने की उम्मीद नहीं है।

## रोहित शर्मा बीच मैच में कैमरामैन पर भड़के, DRS रिव्यू के दौरान घटी ये घटना



**नई दिल्ली.एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा शुक्रवार को रांची में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन डीआरएस रिव्यू के दौरान कैमरापर्सन से नाराज दिखे। हिटमैन के नराज होने की वजह यह थी कि कैमरापर्सन रिव्यू के दौरान लगातार उन्हें बड़ी स्क्रीन पर दिखा रहा था। उनकी इस बात से नराज होकर रोहित ने उन्हें रिप्ले दिखाने की सलाह दी। यह घटना तब हुई जब रविंद्र जड़ेजा की एक गेंद इंग्लिश बल्लेबाज बेन फोक्स के पैड पर लगी थी। अंपायर ने इसे नॉट आउट करार दिया था जिसके बाद रोहित शर्मा ने रिव्यू लेकर अंपायर के फैसले को चैलेंज किया। हालांकि थर्ड अंपायर ने बॉल ट्रैकिंग में फोक्स को नॉट आउट पाया। जब रिव्यू चल रहा था, तब कैमरापर्सन बड़ी स्क्रीन पर लगातार रोहित को दिखा रहा था। कुछ देर बाद भारतीय कप्तान ने अपनी झुंझलाहट स्पष्ट की और कैमरा ऑपरेटर से रीप्ले दिखाने के लिए कहा। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

एक समय ऐसा था जब इंग्लैंड की टीम ने लंच ब्रेक तक 112 के स्कोर पर अपने 5 विकेट खो दिए थे। तब बेन फोक्स ने क्रीज पर जो रूट का साथ दिया और 6ठे विकेट के लिए 113 रनों की साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर की राह दिखाई। इस साझेदारी में फोक्स को योगदान भले ही 47 रनों का था, मगर इंग्लैंड के नजरिए से उनकी यह पारी काफी महत्वपूर्ण थी।लंच ब्रेक के दौरान ऐसा लग रहा था कि इंग्लिश टीम दूसरे सेशन में 200 के अंदर सिमट जाएगी, मगर इस साझेदारी के दम पर टीम ने पहले 200 रनों का आंकड़ा पार किया। फिर रूट ने शतक का सूखा खत्म करते हुए टीम को 300 रनों की राह दिखाई।रूट ने अपने टेस्ट करियर का 31वां शतक रांची में जड़ा।

## सचिन तेंदुलकर नहीं, इस क्रिकेटर ने ठोकी थी वनडे में पहली डबल सेंचुरी, दोनों के बीच दिलचस्प कनेक्शन

**नई दिल्ली.एजेंसी**

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपने 24 साल लंबे इंटरनेशनल करियर में रिकॉर्ड्स का अंबार लगाया। सचिन ने 2013 में क्रिकेट को अलविदा कह दिया लेकिन अनेक बड़े रिकॉर्ड अब भी उनके नाम पर दर्ज हैं। अधिकतर क्रिकेटर जिस उम्र में संन्यास का ऐलान कर देते हैं, सचिन ने तब वनडे में डबल सेंचुरी ठोकी थी। उन्होंने 37 की उम्र में यह कारनामा अंजाम दिया। वह आज ही के दिन 14 साल पहले वनडे फॉर्मेट में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने थे।



सचिन ने 24 फरवरी 2010 को ग्वालियर के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इतिहास रचा था। उन्होंने मैच में 147 गेंदों का का सामना किया और नाबाद 200 रन बनाए। उन्होंने पारी में 25 चौके और 3 छक्के लगाए थे। उनका स्ट्राइक रेट 136 से भी ज्यादा का था। लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि सचिन वनडे क्रिकेट में डबल सेंचुरी जड़ने वाले पहले खिलाड़ी नहीं थे। यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर बेलिंडा क्लार्क के नाम दर्ज है।सचिन और बेलिंडा के दोहरे शतक के बीच 13 साल का अंतर है और एक दिलचस्प कनेक्शन है। दरअसल, सचिन की तरह बेलिंग भी दोहरा शतक जड़कर नाबाद लौटी थीं। बेलिंडा ने 16 फरवरी 1997 को मुंबई में डेनमार्क की टीम के खिलाफ ऐतिहासिक पारी खेली थी। उन्होंने 155 गेंदों में 22 चौकों की मदद से नाबाद 229 रन बनाए। बेलिंडा तब ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान थीं। उन्होंने 1991 से 2005 तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 118 वनडे, 15 टेस्ट और एक टी20 इंटरनेशनल मैच खेला।

# पिच जैसी दिख रही है... इंग्लैंड के पूर्व कप्तान का रांची की पिच को लेकर बड़ा बयान

एथरटन ने स्काई स्पोर्ट्स पर कहा, पिच जैसी दिख रही थी उससे बेहतर खेली। सुबह में यह काफी मुश्किल था जब गेंद नई थी। लंच के बाद जब गेंद थोड़ी पुरानी हो गई, तो वह वास्तव में पाटा हो गई।



**नई दिल्ली.एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने बहुचर्चित रांची पिच पर बात की और बताया कि चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड को कैसे आगे बढ़ना चाहिए। एथरटन ने माना कि पहले दिन के पहले सेशन के बाद पिच काफी बेहतर खेली और बस पारी की शुरुआत में ही असमान उछाल देखने को मिला। एथर्टन ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को नई गेंद से भारत पर अटैक करने की सलाह दी है।

इंग्लैंड के लिए रांची टेस्ट की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लिश टीम ने पहले सेशन में 112 के स्कोर पर अपने 5 विकेट खो दिए थे। इंग्लैंड के बैटिंग ऑर्डर को तहस-नहस करना का कारनामा डेब्यूटेंट आकाश दीप ने किया। अपने पहले ही मैच में इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड के परखच्चे उड़ा दिए। हालांकि दूसरे सेशन में पिच ने अपना रंग बदला और बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई। इंग्लैंड ने अगले दो सेशन में मात्र दो ही विकेट खोए। दिन का खेल खत्म होने तक मेहमान टीम का स्कोर 7 विकेट के नुकसान पर 302 रन रहा।एथरटन ने स्काई स्पोर्ट्स पर कहा, पिच जैसी दिख रही थी उससे बेहतर खेली। सुबह में यह काफी मुश्किल था जब गेंद नई थी। लंच के बाद जब गेंद थोड़ी पुरानी हो गई, तो वह वास्तव में पाटा हो गई। जब गेंद नीचे रह रही थी तो खतरा था। लंच के समय बेन स्टोक्स को ऐसी गेंद का सामना करना पड़ा। लेकिन आम तौर पर, जब लंच के बाद गेंद पुरानी हो जाती है, तो यह चपटी हो जाती है। स्कोर करना काफी मुश्किल था क्योंकि उछाल कम था, लेकिन यह उतना खतरनाक नहीं था। इसलिए, मुझे लगता है कि नई गेंद बहुत महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा, नई गेंद सुबह भारत को मिलेगी और उसके बाद इंग्लैंड को। एंडरसन और रॉबिन्सन के लिए नई गेंद से 2 या 3 विकेट निकालना बहुत महत्वपूर्ण होगा जिससे बाद में स्पिनरों के लिए इसे थोड़ा आसान हो जाए। लेकिन पिच दिलचस्प चीज है। ये कभी-कभी जैसी दिखती है उससे बेहतर खेलती है।

# WPL 2024 के पहले मैच में रोमांच की हदें पार, सजीवन संजना ने आखिरी गेंद छक्का जड़ रचा इतिहास

सजीवन संजना को बैटिंग करने का मौका मैच की आखिरी गेंद पर मिला जब 19वें ओवर की पांचवी गेंद पर मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर आउट हुईं। मुंबई इंडियंस को आखिरी गेंद पर 5 रनों की दरकार थी।





**नई दिल्ली.एजेंसी**

वुमेंस प्रीमियर लीग यानी WPL के दूसरे सीजन का आगाज बेहद ही रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच सीजन का पहला मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले का नतीजा आखिरी गेंद पर निकला। MI की सजीवन संजना ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर ना सिर्फ अपनी टीम को जीत दिलाई बल्कि वुमेंस क्रिकेट में भी इतिहास रचा। वह टी20 क्रिकेट में अपनी पारी की पहली गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी गई है। बता दें, दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 171 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर का पीछा मुंबई इंडियंस ने 4 विकेट रहते सफलतापूर्वक किया। सजीवन संजना को बैटिंग करने का मौका मैच की आखिरी गेंद पर मिला जब 19वें ओवर की पांचवी गेंद पर मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर आउट हुईं। हैरी जब आउट हुईं तो मुंबई को जीत के लिए 5 रनों की दरकार थी। सजीवन संजना पर दबाव अधिक था क्योंकि वह अपने WPLकरियर की भी पहली गेंद खेल रही थी। हालांकि उन्होंने इस दबाव को बखूबी संभाला और अपने WPL करियर की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ टीम को जीत दिलाई।

बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने ऐलिस कैप्सी (75) के अर्धशतक के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 171 रन बोर्ड पर लगाए। कैप्सी के अलावा जैमिमा रोड्रिग्स ने 24 गेंदों पर 42 रनों की शानदार पारी खेली। यह WPL में मुंबई इंडियंस के खिलाफ किसी भी टीम का अब तक का सर्वाधिक स्कोर है।172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत तो अच्छी नहीं रही। पारी की दूसरी ही गेंद पर हेले मैथ्यूज बिना खाता खोले पवेलियन लौटी।

हालांकि इसके बाद यस्तिका भाटिया (57) ने अर्धशतक जड़ टीम को संभाला। यस्तिका WPLमें अर्धशतक लगाने वाली पहली बाएं हाथ की बैटर बनीं हैं। उनका साथ इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 55 रनों की शानदार पारी खेलकर दिया।

आदर्श रसोई सप्ताह 48वां

## धूमधाम से मनाया गया आदर्श रसोई के महासचिव पम्मी मल्होत्रा का जन्मदिन

### रिबन काटकर पम्मी मल्होत्रा ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, मल्होत्रा परिवार का हुआ भव्य अभिनंदन













**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई के महासचिव पम्मी मल्होत्रा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

**रिबन काटकर पम्मी मल्होत्रा ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ**

आदर्श रसोई के महासचिव पम्मी मल्होत्रा का जन्मदिन रसोई की टीम ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से पम्मी मल्होत्रा ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस विशेष मौके पर पूरा मल्होत्रा परिवार मौजूद रहा।

**मल्होत्रा परिवार का हुआ भव्य स्वागत, किया अभिनंदन**

मल्होत्रा परिवार का आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। पम्मी मल्होत्रा के व्यक्तित्व के सभी कायल हैं। हर कोई उनके मृदभाषी, मिलनसार स्वाभाव की बात करता है। हर किसी के सुख-दुख में शामिल होते हैं।

**आदर्श रसोई रूपी परिवार मजबूती से आगे बढ़ रहा: पम्मी मल्होत्रा**

इस विशेष मौके पर पम्मी मल्होत्रा ने कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं।

**श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत: पम्मी मल्होत्रा**

आदर्श रसोई के महासचिव पम्मी मल्होत्रा ने कहा कि मैं आदर्श रसोई से शुरू से जुड़ा हुआ हूं। देखते ही देखते आदर्श रसोई ने कई आयाम स्थापित कर लिए हैं। समाज का भी हमे भरपूर सहयोग मिला है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

**पम्मी मल्होत्रा जी के विचार अनुकरणीय: मोहन गर्ग**

इस विशेष मौके पर चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि पम्मी मल्होत्रा जी बहुत ही शालीन और यारों के यार हैं। आदर्श रसोई में आकर मुझे एक आत्मिक शांति मिलती है। सुकून का एहसास होता है।

**लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली**

आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने हर बार की तरह लजीज व्यंजनों से सजी थाली सभी को परोसी। आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ट, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया








## जोधपुर डिस्कॉम में सुधार के लिए मांगे सुझाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर:** जोधपुर में विद्युत तंत्र में सुधार मजबूती के लिए डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक ओपी कसेरा ने अनूठी पहल की है। इसके अंतर्गत डिस्कॉम के सिस्टम को सुधारने के लिए आम उपभोक्ता से लेकर डिस्कॉम के कर्मचारी तक सभी से सुझाव मांगे गए है। इसमें डिस्कॉम के उपभोक्ता, कार्मिक, सप्लायर्स, कान्ट्रेक्टर सहित सभी हितधारकों से आगामी 28 फरवरी शाम 5 बजे तक सुझाव भेजने की अपील जारी की गई है। सभी संबंधित हितधारकों से अपने सुझाव डिस्कॉम की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर भेजने के लिए अपील की गई है, ताकि विद्युत सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाया जा सके। प्रबंध निदेशक कसेरा ने हितधारकों से इस लिंक के माध्यम से अधिक से अधिक सुझाव देने का आह्वान किया है। साथ ही यह भी बताया कि सुझाव देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से उनकी समस्याओं तथा सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा। इन सुझावों के अनुरूप सिस्टम को अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ, आशानुकूल. मजबूत बनाए जाने के उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। कसेरा ने अभियान के सुचारू संपादन के लिए विशेष समिति गठित करने के निर्देश दिए। यह समिति नियमित रूप से लिंक पर आने वाले सुझावों का अध्ययन कर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

**सुनिश्चित**

8 अनुरूप सिस्टम को अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ, आशानुकूल.मजबूत बनाए जाने के उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे

## सुनियोजित विकास के लिए मुख्यमंत्री ने किया महायोजना पर विचार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उनके सरकारी आवास पर आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में जनपद रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ की महायोजना 2031 का प्रस्तुतिकरण किया गया। महायोजना लागू करने में अब देर न हो, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर यथाशीघ्र लागू करें। बहुत से गांव अब नगरीय महायोजना का हिस्सा बने हैं, यह ध्यान रखें कि इन गांवों को ग्रीन लैंड के रूप में घोषित न किया जाए। आबादी की भूमि ग्रीन लैंड नहीं होगी। स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते हुए सीमावर्ती जनपदों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्तुत करें। मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को और विस्तार दें। यहां बहुत संभावनाएं हैं। इसका समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। इससे आर्थिकी में सुधार होगा और रोजगार भी सृजित होगा। गजरौला में नवीन बस टर्मिनल और बाईपास मार्गों की आवश्यकता है। इसे महायोजना में शामिल करें। शुद्ध पेयजल के लिए पाइपलाइन और सीईटीपी की स्थापना भी की जाए। लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीमा को पूरे लखनऊ जनपद तक विस्तार दिया जाए। इसके अतिरिक्त, स्टेट कैपिटल रीजन डवलपमेंट अथॉरिटी का गठन हो रहा है। इन प्रयासों से राज्य राजधानी क्षेत्र में सुनियोजित और सुस्थिर विकास की गति मिलेगी।



**समीक्षा**

8 वाराणसी को केंद्र में रखते हुए सीमावर्ती जनपदों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करें: मुख्यमंत्री

## सिम्मी अग्निहोत्री की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू शनिवार को ऊना जिले के हरोली उपमंडल के गांव गोंदपुर जयचंद में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री की श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उनका बीते नौ फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री का आकस्मिक निधन परिवार विशेषकर मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में उन्हें एक-दूसरे का भावनात्मक सहारा बनना होगा। प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री परिवार के लिए एक बड़ी ताकत और सहारा थीं। उनके विचारों और सरल स्वभाव का अनुसरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री एक असाधारण शिक्षाविद् होने के साथ-साथ एक कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता भी थीं। शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। महिला उत्थान और सशक्तिकरण के लिए वह प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विश्वविद्यालय के दिनों से ही उनसे परिचित था और उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सादगी और समर्पण से सर्वश्रेष्ठ मुकाम हासिल किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्हें कभी प्रोफेसर सिम्मी से मिलने का अवसर नहीं मिला।

**श्रद्धांजलि**

8 प्रो. सिम्मी का आकस्मिक निधन मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री के लिए अपूर्णीय क्षति

## छत्तीसगढ़वासियों को प्रधानमंत्री ने दी 10 परियोजनाओं की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर: प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी शनिवार को राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने बटन दबाकर 34 हजार 427 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कर छत्तीसगढ़ वासियों को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। इसमें 18 हजार 897 करोड़ रुपये की लागत वाली 9 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 15 हजार 530 करोड़ रुपये की एक परियोजना का शिलान्यास शामिल है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री राम विचार नेताम सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए और उनके हितग्राही भी उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा का यह कार्यक्रम रायपुर पश्चिम विधानसभा में सीएसईबी ग्राउंड, रायपुर दक्षिण विधानसभा में बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर, रायपुर ग्रामीण विधानसभा में ज्ञान प्रकाश स्कूल बीरगांव, अभनपुर विधानसभा में अग्रवाल भवन में, आरंग विधानसभा में हाईस्कूल पारागांव तथा धरसींवा विधानसभा में हाईस्कूल कुरूद सिलयारी में हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कोयला मंत्रालय अंतर्गत रायगढ़ क्षेत्र में 173.46 करोड़ रुपये की ओपन कास्ट प्रोजेक्ट छाल कोल हेंडलिंग प्लांट, दीपका क्षेत्र में 211.22 करोड़ रुपये की लागत की ओपन कास्ट प्रोजेक्ट दीपका कोल हेंडलिंग प्लांट, रायगढ़ क्षेत्र में 216.53 करोड़ रुपये की लागत के ओपन कास्ट प्रोजेक्ट बरौद कोल हेंडलिंग प्लांट का लोकार्पण किया। इन तीनों ओपन कास्ट प्रोजेक्ट से रेपिड लोडिंग सिस्टम के माध्यम से लोडिंग टाइम में कमी आएगी और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम होगा। मोदी ने प्रधानमंत्री नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अंतर्गत 907 करोड़ रुपये की लागत से राजनांदगांव जिले के 9 गांवों के 451 एकड़ क्षेत्र में निर्मित 100 मेगावाट एसी/155 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया।



**लोकार्पण**

8 निर्मित 100 मेगावाट एसी/155 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया

## राजिम कुंभ कल्प में पहुंचेंगे देशभर के साधु-संत

**धमतरी: दुनिया** भर में ख्याति प्राप्त देश के पांचवें कुंभ के नाम से प्रसिद्ध राजिम कुंभ कल्प मेले की शुरूआत 24 फरवरी से हो गई है। राजिम की पावनधरा त्रिवेणी संगम में आयोजित होने वाला यह मेला देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई हुई है। देश के कई प्रदेशों से ख्याति प्राप्त मंदिर, मठों, अखाड़ों और आश्रमों से जाने-माने हजारों साधु-संतों के चरण पड़ते हैं। उनके अमृतवाणी और चरण रज का पुण्य लाभ भी राजिम कुंभ मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को मिलता है।

## 'रामदेव नगर का एक-एक वोट राम के नाम लक्ष्य को पूरा करेंगे'

**जयपुर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में राजस्थान प्रदेश तथा प्रदेश की राजधानी जयपुर में स्थित घुमंतू समाज एवं गरीब नागरिकों के बीच में शत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में वोटिंग के लक्ष्य को लेकर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी कडी में जयपुर की गुर्जर की थड़ी स्थित सबसे पुरानी कच्ची बस्ती रामदेव नगर में पूर्ववर्ती सरकारों से मिली भगत कर कई लोगों ने कच्ची बस्ती के विकास की धारा को रोकने वाले नेताओं को हटाकर बस्ती के निवासियों ने नई कार्यकारिणी का गठन करने के बाद सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा का स्वागत सम्मान किया।

**अमृतकाल** फार्मेसी भवन के साथ ही प्रवेश और निकास द्वार सहित पेरिफरी रोड की चारदीवारी और बाहरी विद्युतीकरक्रियों की आधारशिला रखी

## आयुष मंत्री सोनोवाल ने शिलॉन्ग में एनईआईएएच की क्षमता बढ़ाने के लिए की पहल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सबानंद सोनोवाल ने शहर के मावडियांग डियांग स्थित नॉर्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एंड होम्योपैथी (एनईआईएएच) परिसर की क्षमता विस्तार के लिए कई परियोजनाएं शुरू कीं। आयुष मंत्री ने इस मौके पर परिसर में गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया, वहीं प्रशासनिक भवन, फार्मेसी भवन के साथ ही प्रवेश और निकास द्वार सहित पेरिफरी रोड की चारदीवारी और बाहरी विद्युतीकरणकार्यों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, एनईआईएएच में क्षमता विस्तार के साथ, हमारे पास सीखने, सहयोग करने और क्षमता बढ़ाने का अनूठा अवसर है क्योंकि हम वैज्ञानिक साक्ष्य के साथ पारंपरिक चिकित्सा के प्रत्येक फॉर्मूलेशन के लिए प्रमाणिकता स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। संस्थान पहले ही आयुर्वेद और होम्योपैथी में लगभग एक हजार विशेषज्ञों को प्रशिक्षित कर चुका है, जो शानदार अनुभूति का पल है। इससे क्षेत्र में, खास तौर पर मेघालय में स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली को काफी बढ़ावा मिला है, क्योंकि हम अपने डायनमिक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के ह्यस्वस्थ भारतह्व दृष्टिकोण को साकार करने के करीब पहुंच रहे हैं। आयुष चिकित्सा प्रणाली के प्रमाणित फॉर्मूलेशन से लैस चिकित्सकों की यह नई फौज लोगों को इस चिकित्सा सेवा का लाभ उठाने में मदद करेगी। यह हजारों वर्षों से स्थानीय समाज में प्रचलित हमारे पुराने घरेलू उपचार के समान है, लेकिन अब कई बीमारियों के इलाज के लिए वैज्ञानिक रूप से सिद्ध रोगी देखभाल समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला भी उपलब्ध है। हील इन इंडिया, हील्ड बाय इंडियाआयुष के पुनरुत्थान आंदोलन का उद्देश्य है। सोनोवाल ने आगे कहा, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का इरादा हमारी जनजातीय उपचार पद्धतियों को उनके ऐतिहासिक समुदायों और सीमाओं से आगे बढ़ने में सक्षम और सशक्त बनाना तथा मानवता को समृद्ध गुणवत्ता वाला जीवन जीने और क्षेत्र के लिए व्यावसायिक अवसर विकसित करने में मदद करना है। बुनियादी ढांचा और अन्य भौतिक संरचना अनुसंधान एवं विकास में बेहतर परिणामों के लिए महत्वपूर्ण हैं और एनईआईएएच में नई क्षमता का विस्तार प्रधानमंत्री के प्रेरक नेतृत्व के तहत पारंपरिक चिकित्सा के पुनरुत्थान को बढ़ावा देगा।सरकार एनईआईएएच की क्षमता निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

